भोपाल
शुक्रवार, 22 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -6
वर्ष : 13, अंक : 50
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 42
न्यून. 29

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

5 देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम मोदी

दिल्ली आते ही ली मंत्रिपरिषद की अहम बैठक ईज ऑफ लिविंग व विकसित भारत पर जोर

सभी मंत्रियों को सरकार के 12 साल के कार्यों व उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने की सलाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली लौट आए। पीएम ने बिना समय गंवाए 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की एक हाई-प्रोफाइल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब आगामी 9 जून को मोदी सरकार अपने

कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने जा रही है। बैठक के दौरान पीएम ने 'ईज ऑफ लिविंग' पर विशेष जोर दिया और सभी मंत्रियों को सरकार के 12 साल के कार्यों व उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने की सलाह दी। उन्होंने मंत्रियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता है, इसलिए सभी मंत्रालय अपने कार्यों को इसी विजन के अनुरूप प्लान करें। बैठक में वाणिज्य, पेट्रोलियम, गृह, वित्त और विदेश मंत्रालय सहित कुल नौ प्रमुख मंत्रालयों ने प्रजेंटेशन दी, जिसके जरिए अब तक के कामकाज और नीतिगत फैसलों के परिणामों की समीक्षा की गई।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर नागरिकों पर कम से कम पड़े: पीएम

बैठक में पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट और उससे पैदा हुए हालातों पर भी गंभीर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने निर्देश दिए कि वैश्विक उथल-पुथल और कच्चे तेल की कीमतों व बढ़ती लागत का असर आम नागरिकों पर कम से कम पड़े, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। खासतौर पर एनर्जी, खेती, खाद, एविएशन, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया।

पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और ईंधन वितरण व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।

इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स

कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट अब ब्लॉक

- यह भाजपा और कांग्रेस दोनों से ज्यादा
- ब्लॉक होने के बाद नया अकाउंट भी बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, आप के 19 लाख और सीपीआई(एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं।

हालांकि, उसका एक्स अकाउंट गुरुवार दोपहर 12 बजे ब्लॉक हो गया। हालांकि, कुछ ही ▶▶ शेष पेज 6 पर

हेला का दावा मेरा भी अकाउंट सस्पेंड

ओस्लो में भारतीय

पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल पूछकर चर्चा में आईं नॉर्वे की पत्रकार हेला लेंग ने दावा किया है कि उनका फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने एक्स पर कहा- ये मुझे भारत ने छोटा सा गिफ्ट दिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एसआरएच आरसीबी
शाम 7.30 बजे से

खबर संक्षेप

नीट पेपर लीक मामले में लातूर का डॉक्टर गिरफ्तार

लातूर। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लातूर के बाल

रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज शिरुरे को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर शिरुरे ने अपने बेटे के लिए लीक हुआ नीट का प्रश्न पत्र खरीदा था। शिरुरे गिरफ्तार किए गए मुख्य संदिग्धों के संपर्क में थे।

दिल में छेद: 8 दिन की बच्ची मुंबई एयरलिफ्ट

जबलपुर। शहडोल की रहने वाली महज आठ दिन की नवजात बच्ची को दिल में जन्मजात छेद

होने के कारण गुरुवार को जबलपुर से मुंबई एयरलिफ्ट किया गया। बच्ची की हालत लगातार बिगड़ने पर परिजन उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे, मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी जरूरी दस्तावेज तुरंत तैयार कर एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई।

रनवे से टकराई एयर इंडिया विमान की टेल

बेंगलुरु। दिल्ली से बेंगलुरु पहुंचे एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा (टेल) लैंडिंग के दौरान

रनवे से टकरा गया। हादसे के वक्त विमान में पायलट और क्रू मेंबर्स सहित 179 लोग सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद विमान को गहन जांच के लिए ग्राउंडेड कर दिया गया है। इसके बाद उड़ान को कैंसिल करना पड़ा।

ट्रक में घुसी कार, 2 की मौत, 3 गंभीर

कटनी। जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया।

उज्जैन में दर्शन कर प्रयागराज लौट रहे एक परिवार की कार राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास पर हुआ।

सीएम डॉ. यादव ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

स्कूल शिक्षा की समीक्षा बैठक में 'शिक्षा घर योजना' को मिली मंजूरी, इसी सत्र से लागू

स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई फिर शुरू कराएगी सरकार

इस योजना का क्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा

सीएम ने कहा कि अब प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जिन छात्रों ने 8 वीं या इसके बाद अनुत्तीर्ण होने पर पढ़ाई छोड़ दी है, उनकी पढ़ाई सरकार फिर शुरू कराएगी। ऐसे सभी छात्रों को हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा उत्तीर्ण करने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ. यादव ने इससे संबंधित 'शिक्षा घर योजना' को गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। अब स्कूल शिक्षा विभाग इसी सत्र से योजना को लागू करने की तैयारी करेगा। योजना का क्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश होगा, जिसमें प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय भी शामिल होंगे। योजना का क्रियान्वयन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

आठवीं से 12 वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगा एआई कौशल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैठक में चर्चा करते हुए

- *एक जुलाई से पहले पूरी होगी अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया*
- *'शिक्षा घर योजना' का क्रियान्वयन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा होगा*

एक वर्ष से पुरानी कोई भी घोषणा न रहे लंबित

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर की गई सभी घोषणाओं का जल्द से जल्द पालन कराएं। एक वर्ष से पुरानी कोई भी घोषणा लंबित न रहे। उन्होंने वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग की संचालित 14 विभागीय योजनाओं को निरंतर रखने की सहमति दी। अब प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ▶▶ शेष पेज 6 पर

स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे सम्राट विक्रमादित्य

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। स्कूली शिक्षा में कक्षा 8 से 12 में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के कौशल को कैसे जोड़ा जाए, इस पर भी एक कार्य योजना तैयार की जाए। अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एक जुलाई से पहले पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाली शालाएं सम्मानित होंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जिन शालाओं में शत-प्रतिशत रिजल्ट आया है, उनके शिक्षकों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की 26 शालाएं ऐसी हैं, जहां शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया है। इन शालाओं के अतिरिक्त 90 या 95 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट देने वाली शालाओं को भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीओके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

पुलवामा ग्रेनेड अटैक में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या

- हमजा कश्मीर का रहने वाला, वीजा पर पाकिस्तान भी गया
- अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी था

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पुलवामा में 2020 में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

हमजा बुरहान

मुजफ्फराबाद के कॉलेज के बाहर अज्ञात हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भारत ने 2022 में हमजा बुरहान को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का ▶▶ शेष पेज 6 पर

ट्विशा शर्मा डेथ केस में एक्शन

सास गिरिबाला सिंह उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष पद से हटाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की

गिरिबाला सिंह

संदिग्ध मौत के मामले में कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। मध्य प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए ट्विशा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत ने बताया कि यह कार्रवाई उपभोक्ता ▶▶ शेष पेज 6 पर

- *सास की जमानत रद्द करने हाई कोर्ट में याचिका*

समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

दूसरी ओर, घटना के बाद से ही फरार चल रहे ट्विशा के पति समर्थ सिंह पर पुलिस ने 30 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। निचली अदालत से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के बाद समर्थ के वकील मृगेंद्र सिंह ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। समर्थ की इस अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाई कोर्ट में सुनवाई होनी तय हुई है।

दादा-दादी सहित 13 पर एफआईआर

42 साल के अधेड़ से 13 साल की बच्ची की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- अजीबोगरीब शर्त के कारण कराई शादी

यहां रंगवासा क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची का 42 साल के अधेड़ व्यक्ति से बाल विवाह कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित बच्ची के दादा-दादी और दूल्हे सहित 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ▶▶ शेष पेज 6 पर

गुट्टा ने खोली बैडमिंटन की पोल

सब खिलाड़ी समझौता कर रहे, पर कोई बोलता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भारत में बेंच स्ट्रेंथ का पूरी तरह अभाव

भारतीय बैडमिंटन की पूर्व स्टार खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने एक बार फिर भारतीय खेल व्यवस्था और बैडमिंटन सिस्टम की कमियों पर खुलकर अपनी भड़ास निकाली है। ज्वाला ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन में चुप्पी और समझौते की संस्कृति लगातार बढ़ रही है। खिलाड़ी, पूर्व खिलाड़ी ▶▶ शेष पेज 6 पर

हनीट्रैप-2026 में बड़ा खुलासा

श्वेता की करीबी भाजपा नेत्री रेशू को अरेस्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- मोबाइल से मिले आपत्तिजनक वीडियो

हनीट्रैप-2026 में क्राइम ब्रांच ने सागर की भाजपा नेता रेशू चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया है। श्वेता जैन की करीबी रेशू ही नेता-कारोबारी और अफसरों का आपत्तिजनक वीडियो बनाने में जुटी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से ऑडियो-वीडियो भी रिकवर कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

हादसे में गई थी 6 लोगों की जान

चीन से लौटते ही दबोचा गया फैक्ट्री संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

- दिल्ली एयरपोर्ट से मुख्य आरोपी दबोचा गया

टोंककला पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में देवास पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले का मुख्य आरोपी मुकेश विज आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चीन से दिल्ली लौटते ही उसे एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथ फरार चल रहे महेश चौहान को भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

नौगांव व खजुराहो में तापमान 46 डिग्री, यहां तीव्र लू, शेष जिलों में लू से राहत

3 से 4 दिन गर्मी, इसके बाद पारा गिरने से राहत की उम्मीद

अंगारे बरसने थोड़े कम हुए पर तपिश भीषण तापमान में एक से डेढ़ डिग्री तक आई कमी

- भोपाल में पारा दशमलव 6 डिग्री गिरकर 42 डिग्री पर रहा
- 8 जिलों में 44 डिग्री तक गर्मी, अगले तीन से 4 दिन में और होगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को दिन के तापमान में मामूली कमी आने से गर्मी की आग से कुछ राहत रही। सर्वाधिक पारा नौगांव और खजुराहो में 46 डिग्री रहा, यहां तीव्र लू का असर रहा। शेष प्रदेश में लू से राहत मिली है, लेकिन भीषण गर्मी का दौर जारी है। यह क्रम अगले 3 से 4 दिन और चलने की उम्मीद है। इस बीच पारा और गिरेगा। गुरुवार को प्रदेश के औसत अधिकतम पारे में दूसरे दिन भी औसतन एक डिग्री की कमी के साथ औसत पारा अब 43 डिग्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

राजधानी के कमला पार्क रोड पर सन्नाटा, दोपहर 1 बजे का दृश्य

आज यहां लू और तेज गर्मी का अलर्ट

शुक्रवार को पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में तीव्र लू रहेगी। विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, दमोह, सागर, मैहर में तेज गर्मी के साथ कहीं-कहीं लू रहेगी। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, ▶▶ शेष पेज 6 पर

ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास में शहर में हो रहे धार्मिक आयोजन... राधावल्लभ मंदिर में मनोरम झूले में विराजे राधा रानी, श्रीजी मंदिर में नवरंग महल में विराजे प्रभु

इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में नाग पंचमी का उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास के साथ ही इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर व श्रीजी मंदिर में पुरुषोत्तम मास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा राजधानी के अन्य मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है।

अधिक मास के पंचम दिवस पर गुरुवार को इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में नाग पंचमी का उत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। झूलन उत्सव के अंतर्गत ठाकुर श्री राधावल्लभ लाल काली घटा के मनोरम झूले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर परिसर को काली घटाओं की छटा से सजाया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण ब्रज की वर्षा ऋतु जैसा प्रतीत होने लगा। इस अवसर पर ठाकुर जी ने

राधावल्लभ मंदिर झूले में विराजे भगवान।

विशेष रूप से काले रंग एवं लाल किनारी वाली आकर्षक पोशाक धारण की तथा स्वर्ण आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया। साथ ही ठाकुर जी को विशेष रूप से रबड़ी के भोग का अर्पण किया गया।

नवरंग महल में विराजमान हुए श्रीनाथजी

नवरंग महल में विराजमान प्रभु का मनोरम दृश्य।

गुरुवार को श्रीजी मंदिर में प्रभु श्रीनाथजी को लहरिया के वस्त्र के साथ सर पर राजशाही टोपी एवं मोती के आभूषण और श्रृंगार किया गया। संध्या काल में प्रभु नवरंग महल में विराजमान हुए जिसमें विविध प्रकार के रंग-बिरंगे वस्त्रों से बने महल में विराजमान कराया गया। साथ में सखियां गोप गोपियों हाथी गए ऐसी अलौकिक छठ के दर्शन दिए।

कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू: भजनों पर थिरके श्रद्धालु,पहले दिन कथा का महत्व समझाया

स्वामी अनिलानंद महाराज

शिव महापुराण कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

अधिकमास के अवसर पर भोपाल के हिनोतिया में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया। कथा से पहले श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कलश यात्रा निकाली। पहले दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी अनिलानंद महाराज ने कहा कि शिव महापुराण कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन का कल्याण होता है। इसके पहले धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं और किशोरियां सिर पर कलश रखकर भक्ति गीत गुनगुनाती चल रही थीं। डीजे पर बजते भक्ति गीतों पर युवा झूम रहे थे। अनिलानंद महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति में शिव महापुराण कथा का विशेष महत्व है। कथा अमृत के समान है जिसके श्रवण करने से जीव के जन्म जन्मांतर के पाप कर्म मिट जाते हैं।

पिपलेश्वर महादेव मंदिर में चल रही कथा

शिव विवाह उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न

अधिकमास के पावन अवसर पर आयोजित शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती का दिव्य शिव विवाह उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में शिव विवाह की मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास आचार्य विवेक महाराज ने शिव विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह त्याग, समर्पण, प्रेम एवं धर्म का प्रतीक है। शिव विवाह हमें यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति और तपस्या से जीवन में हर शुभ फल प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अत्यंत सरल और भोले हैं, जो अपने भक्तों की

कथा में शिव बारात निकालते श्रद्धालु।

सच्ची श्रद्धा से शीघ्र प्रसन्न होकर उनके कष्टों का निवारण करते हैं। शिव विवाह उत्सव के दौरान भजन-कीर्तन एवं मंगल गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने बाराती बनकर नृत्य किया तथा महिलाओं ने मंगल गीत गाकर उत्सव को और भी आनंदमय बना दिया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया था।

खबर संक्षेप

शीतल जल अभियान के अंतर्गत पीरगेट पर वाटर कूलर का शुभारंभ

भोपाल। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए समग्र अग्रवाल समाज के तत्वावधान में समाजसेवा और जनकल्याण कार्यक्रम अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों पर शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराने वाटर कूलर एवं आरओ सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इसी पहल के अंतर्गत गुरुवार को पीरगेट पर एक प्याऊ का शुभारंभ कमिश्नर संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से असिस्टेंट कमिश्नर शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुष गुप्ता, डीसीपी ज़ोन 3 एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद नेमा उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिक, समाजसेवी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उनके द्वारा समग्र अग्रवाल समाज की इस पहल को सराहा गया।

युवक की हत्या के दोषी सगे भाइयों को आजीवन कारावास

भोपाल। मामूली विवाद में युवक की छुरी मारकर हत्या करने वाले अभियुक्तगण सगे भाई प्रहलाद कुशवाहा एवं राजू कुशवाहा पुत्रगण लक्ष्मण कुशवाह निवासी अयोध्या एक्सटेंशन थाना अयोध्या नगर भोपाल मप्र को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने बीएनएस की धारा 103(1) सहपठित धारा 3(5) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की संपूर्ण राशि मृतक के परिजन को दिलाए जाने के आदेश भी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिए हैं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण के सह अभियुक्त प्रदीप कुशवाहा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

हमीदिया अस्पताल में कंपनी कर्मचारियों ने किया रक्तदान

भोपाल। हमीदिया अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल में कार्यरत कंपनी एजाइल के सदस्यों ने रक्तदान किया। इस दौरान एजाइल के प्रमुख आशुतोष यादव ने स्वयं रक्तदान कर अपनी टीम को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं युवाओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।

समर सीजन और भीषण गर्मी में रेलवे ने यात्रियों को दिया बड़ा झटका

मई और जून माह में कई ट्रेनों को किया निरस्त कुछ के बदले रूट, यात्रियों को हो रही परेशानी

गोरखपुर स्टेशन पर ब्लॉक के कारण भोपाल मंडल की 4 ट्रेन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगर आप जून में शादी या कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे है तो पहले ट्रेन शेड्यूल चेक कर लें। दरअसल, रेलवे की ओर से मई व जून में कई सारी ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है, तो वहीं कुछ के रूट में बदलाव कर दिया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार देशभर के विभिन्न मंडलों में 77 ट्रेन को रद्द कर दिया है तो वहीं कुछ ट्रेनों के रूटों में बदलाव किया गया।

यार्ड रिमॉडलिंग काम के चलते बदले रूट

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 7 एवं 8 पर फुट ओवर ब्रिज काम के चलते ब्लॉक प्रस्तावित है। इसके कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली 2 जोड़ी ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट रहेगी। इसी तरह जून माह में लखनऊ मंडल में यार्ड रिमॉडलिंग काम के चलते जून माह कई ट्रेनों के रूट बदल दिए थे। समर सीजन के कारण ट्रेनों में जबर्दस्त भीड़ चल रही है। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। ऐसे में रेलवे की ओर से ट्रेनें निरस्त व रूट बदलने से यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा।

यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- 1 जून को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 19091 बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा गोरखपुर कैंट और गोरखपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- 2 जून को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन से 21:40 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा गोरखपुर और गोरखपुर कैंट के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- 29 मई से 7 जून को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 19489 अहमदाबाद - गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा गोरखपुर कैंट और गोरखपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- 30 मई से 8 जून को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन से 21:40 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा गोरखपुर और गोरखपुर कैंट के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

भोपाल, इटारसी, बीना सहित प्रमुख स्टेशनों पर चलाया सफाई अभियान

भोपाल। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत भोपाल मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों, रेल कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। भोपाल स्टेशन पर भी पर्यावरण को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। स्टेशन परिसर के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। इटारसी स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी सफाई कर्मचारियों को जागरूक करते हुए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

एक करोड़ 30 लाख रुपए होंगे खर्च

भोपाल स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक होंगे पहले से और अपडेट : एटी वेल्डिंग तकनीक से होंगे लैस

भोपाल रेल मंडल की ओर से यात्री सुविधा के लिए नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। इसी के तहत अब भोपाल स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक को अपडेट करने की योजना है। भोपाल स्टेशन के सेक्शन को आधुनिक तकनीकी से लैस किया जाएगा। इसको एटी वेल्डिंग तकनीक कहा जाता है। इस योजना में करीब एक करोड़ 30 लाख रुपए खर्च होंगे। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार रेलवे विभाग भोपाल सेक्शन में रेल ट्रैक को अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत रेलवे ने रेल पटरियों के जोड़ों की आधुनिक तकनीक से वेल्डिंग और मरम्मत का कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है। सेक्शन में 60 किलो और 90 यूटीएस/आर-260 रेलों के जोड़ों पर एल्यूमिनोथर्मिक थरमिट (एटी) वेल्डिंग की जाएगी। इसके लिए सिंगल शॉट क्रूसिबल तकनीक का उपयोग होगा। परियोजना के तहत वेल्डिंग से जुड़े आवश्यक उपकरण और सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। एल्यूमिनोथर्मिक थरमिट (एटी) वेल्डिंग रेलवे ट्रैक जोड़ने की आधुनिक तकनीक है। इसमें विशेष रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से दो रेल पटरियों को आपस में जोड़ा जाता है। इससे जोड़ अधिक मजबूत, टिकाऊ और लंबे समय तक सुरक्षित बने रहते हैं।

कम होगा ट्रैक में कंपन

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि लगातार दबाव और कंपन के कारण कई स्थानों पर रेल पटरियों के जोड़ कमजोर हो जाते हैं। इससे ट्रैक में दरार और झटकों की आशंका बनी रहती है। नई तकनीक से वेल्डिंग होने के बाद ट्रैक अधिक टिकाऊ और मजबूत बनेंगे। मजबूत ट्रैक बनने से ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा बढ़ेगी और यात्रियों को सफर के दौरान कम कंपन महसूस होगा। रेलवे का मानना है कि इससे मालगाड़ियों और लंबी दूरी की ट्रेनों की आवाजाही भी अधिक सुगम होगी। साथ ही ट्रैक की बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम पड़ेगी और ट्रेनों की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

धार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकालते सुरक्षा बल।

तिरंगें के साए में शांति की अपील

शहर में पुलिस और प्रशासन ने निकाला भव्य फ्लैग मार्च

वज्र वाहन और अश्वरोही दल के साथ पुलिस ने नापे संवेदनशील क्षेत्र.... चप्पे-चप्पे पर पहरा

लोकेश ब्राइट ▶▶ धार

भोजशाला मामले में इंदौर हाई कोर्ट के फैसले के बाद पहला शुक्रवार आते ही धार शहर की फिजा पूरी तरह बदल गई है। वर्षों से चले आ रहे धार्मिक क्रम और अदालत के फैसले के बीच प्रशासन अब किसी भी हाल में माहौल बिगड़ने देने के मूड में नहीं दिख रहा। यही वजह रही कि बुधवार शाम पूरा शहर पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया।

पुलिस कंट्रोल रूम से निकला फ्लैग मार्च

तिरंगे के साए में पुलिस और प्रशासन ने ऐसा शक्ति प्रदर्शन किया, जिसने साफ संदेश दे दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब कोई नरमी नहीं होगी। पुलिस कंट्रोल रूम से निकला विशाल फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों से गुजरा। डीजे पर गूंजते देशभक्ति गीतों और हाथों में तिरंगे के बीच प्रशासन ने सीधे तौर पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

अश्वरोही दल, वज्र वाहन हुए शामिल

फ्लैग मार्च में कलेक्टर राजीव रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा भी शामिल है उनके साथ भारी पुलिस बल, अश्वरोही दल, वज्र वाहन और अधिकारियों का लंबा काफिला शहरभर में घूम रहा। शुक्रवार को लेकर प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है, जबकि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। कलेक्टर और एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

करणी सेना महिला शक्ति की प्रदेशाध्यक्ष बनी रेखा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू और प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र सिंह डोडिया ने रेखा सिंह की समाजसेवा को देखते हुए उन्हें करणी सेना की महिला शक्ति का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। करणी सेना महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर रेखा सिंह ने कहा कि अब पूरे प्रदेश में सनातन को मजबूत करेंगे। प्रदेश में महिला शक्ति का प्रभाव बढ़ेगा और सनातन विरोधियों को उखाड़ फेंकने में मातृ शक्ति की नई भूमिका दिखेगी। रेखा सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और महिलाओं तथा बुजुर्गों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

कर्मचारी चयन मंडल

भर्ती परीक्षाओं के संचालन के लिए प्रारूप नियमों पर मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कर्मचारी चयन मण्डल की भर्ती परीक्षाओं को संचालित करने के लिए नए प्रारूप नियमों को जारी करने के पूर्व जन-परामर्श के लिहाज से आमजन से सुझाव मांगे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया के अनुसार राज्य शासन द्वारा कनिष्ठ सेवा संयुक्त परीक्षा नियम, 2026 अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित नियमों के प्रारूप विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया है कि प्रस्तावित नियमों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या हितधारक को कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वे 5 जून तक लिखित रूप में अपने सुझाव ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को रिसर्च में मिली मदद

आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों के अध्ययन के लिए मिली देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के शरीर रचना विभागान्तर्गत छात्रों के अध्ययन-अध्यापन के लिए देहदान मिली है।

मुस्कान ग्रुप सोसाइटी फॉर ऑर्गन डोनेशन इंदौर की सहायता से परदेशीपुरा इंदौर निवासी दिवंगत शिशुपाल जुनेजा की देहदान छात्रों को रिसर्च के लिए प्रदान की गई। आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर, सर्वपल्ली राधाकृष्णन यूनिवर्सिटी की वायसचांसलर सीईओ, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश पांडेय, मैनेजमेंट आयुर्वेद डॉ. आर गुप्ता, सहित फैकल्टीज व छात्रों ने श्रद्धांजली दी।

दिवंगत शिशुपाल जुनेजा की देह के साथ आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थी।

एमपी हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

हाउसिंग बोर्ड के मकानों में अब लोकतंत्र सेनानियों को भी मिलेगा आरक्षण

एमपी हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक लेते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी हाउसिंग बोर्ड की संचालक मंडल की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई, जिसमें मकान आवंटन, आरक्षण व्यवस्था और नई आवासीय योजनाओं को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने की। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह सहित टीएनसीपी, हूडको और पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

लोकतंत्र सेनानियों को भी मिलेगा आरक्षण का लाभ

बैठक में सबसे अहम फैसला यह लिया गया कि हाउसिंग बोर्ड के मकानों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दिए जाने वाले 4 प्रतिशत आरक्षण में अब लोकतंत्र सेनानियों को भी शामिल किया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है, ताकि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोगों को भी सम्मान और सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस फैसले के बाद लोकतंत्र सेनानी भी अब हाउसिंग बोर्ड की आवासीय योजनाओं में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

आरक्षित वर्ग के लिए समग्र आईडी अनिवार्य

बैठक में आरक्षित वर्ग के आवेदकों के लिए समग्र आईडी अनिवार्य करने का निर्णय भी लिया गया। बोर्ड का मानना है कि इससे आरक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि किसी व्यक्ति को बार-बार आरक्षण का लाभ न मिले। साथ ही वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक ही योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। नई आवासीय योजनाओं के लिए लैंड पूलिंग पर जोर एमपी हाउसिंग बोर्ड ने भविष्य की नई आवासीय योजनाओं के लिए लैंड पूलिंग मॉडल को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। ओम जैन ने कहा कि इस व्यवस्था से बोर्ड को जमीन अधिग्रहण पर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा।

217 करोड़ की लागत से बनेगा नया प्रशासनिक भवन

बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने बताया कि पुराने कलेक्टर कार्यालय की जगह आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया प्रशासनिक भवन बनाया जाएगा। इस परिसर में कलेक्टोरेट, कमिश्नर कार्यालय और आईजी कार्यालय को एक ही कैंपस में संचालित किया जाएगा। री-डेंसिफिकेशन पॉलिसी के तहत बनने वाले इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 217 करोड़ रुपये है। परियोजना का टेंडर जारी किया जा चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

एमपी पीएससी परीक्षाओं के संचालन के प्रारूप नियमों पर 5 जून तक दे सकेंगे

भोपाल। राज्य शासन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं को संचालित करने के लिए नए प्रारूप नियमों को तैयार किया है। इन्हें लागू करने से पहले 5 जून 2026 तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया के अनुसार राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा नियम 2026 अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित नियमों के प्रारूप विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रस्तावित नियमों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या हितधारक को कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वे 5 जून तक लिखित रूप में दे सकते हैं।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 मई 2026

4 ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, मास्टरमाइंड गिरफ्तार...

9 चेहरे पर बने सिंह, बाघ और चीता, मिट्टी से बनाया तेंदुए...

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की भोपाल में शुरुआत, वार्ड-7, 11, 12, 13, 15, 16, 42 में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं परखीं

निगम आयुक्त सहित अधिकारियों ने हर एक जोन में मुख्यालय से रखी नजर

अचानक लोकेशन बदलकर निरीक्षण करने पहुंची टीम, सार्वजनिक स्थानों के रियल टाइम फोटो और वीडियो सर्वर पर किए अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में गुरुवार से स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत सर्वेक्षण शुरू हो गया। सर्वेक्षण टीम ने शहर के कई इलाकों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और विजिबल क्लीनलीनेस की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों पर रियल टाइम फोटो और वीडियो लेकर सीधे सर्वर पर अपलोड किए। सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम का अमला सुबह से ही अलर्ट मोड पर रहा। सर्वेक्षण के पहले दिन अधिकांश इलाके पुराने शहर के रहे, जहां टीम पहुंची।

निगम आयुक्त सहित मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे दिन सभी जोन की गतिविधियों पर नजर रखी। हर जोन से लगातार अपडेट लिए गए और फील्ड में मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते रहे। कई स्थानों पर सर्वेक्षण टीम ने अचानक लोकेशन बदलकर निरीक्षण किया, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार सतर्क रहना पड़ा।

1. जोन के एएचओ अलर्ट मोड पर रहे, सुबह 5 बजे से ही अमला फील्ड पर रहा
2. सर्वेक्षण के पहले दिन पुराने शहर के ज्यादातर इलाकों में पहुंची सर्वेक्षण टीम
3. शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान कई बार लोकेशन में हुआ बदलाव
4. कई क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी और वाहन भी लगाए गए

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सड़क पर सफाई, सार्वजनिक शौचालय व्यवस्था की जांच

पहले दिन गुरुवार को केंद्रीय मूल्यांकन दल वार्ड 7 के जीवीपी प्वाइंट को देखने पहुंचा।

वार्ड- 7, 11, 12, 13, 15, 16 और 42 में टीम ने सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सड़क पर सफाई, सार्वजनिक शौचालय, कचरा ट्रांसफर प्वाइंट और नागरिक सुविधाओं को जांचा। वार्ड-7 के जीवीपी प्वाइंट, सुलभ शौचालय, मेन रोड पर सफाई व्यवस्था परखी। टीम ने यह भी देखा कि शहर में साफ-सफाई केवल कागजों में नहीं बल्कि जमीन पर कितनी दिखाई दे रही है। विशेष रूप से विजिबल क्लीनलीनेस यानी सार्वजनिक स्थानों पर नजर आने वाली सफाई पर फोकस रखा गया।

आदमपुर साइट पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई है।

जिन क्षेत्रों में आयुक्त ने किए निरीक्षण, वहीं पहुंची टीम

पिछले दिनों नगर निगम आयुक्त ने जिन क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए उन्हीं क्षेत्रों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीमें पहले ही दिन पहुंची। आरिफ नगर गार्बेज स्टेशन, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से लगे इलाके, निशातपुरा टीम पहुंची। इसके अलावा लालघाटी, ईदगाह हिल्स, शाहजहांनाबाद, नारियलखेड़ा, निशातपुरा, बैरसिया रोड, छोला रोड, जिंसी-जहांगीराबाद क्षेत्र में फील्ड में टीम घूमी।

प्रमुख सड़कों, बाजारों, चौराहों पर सफाई व्यवस्था बेहतर रही

नगर निगम के सभी जोन के एएचओ और स्वास्थ्य विभाग का अमला सुबह 5 बजे से ही फील्ड में सक्रिय रहा। प्रमुख सड़कों, बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था को मजबूत किया गया। कई क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी और वाहन भी लगाए गए।

वीआईपी रोड स्थित रेतघाट चौराहे पर लगाए गए सुंदर फाउंटेन।

कभी भी, कहीं भी पहुंच सकती है टीम इसलिए मॉनिटरिंग

सर्वेक्षण के दौरान टीम किसी भी समय किसी भी क्षेत्र का निरीक्षण कर सकती है। इसी वजह से पूरे शहर में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

आदमपुर में वेस्ट रिसाइकल प्लांट तैयार, सर्वेक्षण टीम भी पहुंचेगी

शहर में केंद्रीय मूल्यांकन दल स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सर्वे कर रहा है। गुरुवार को पहले दिन जमीनी स्तर पर मूल्यांकन किया गया। अगले चरण में आदमपुर साइट पर भी यह टीम विजिट करेगी। यहां व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। यहां बने 5 टन क्षमता के वेस्ट रिसाइकल प्लांट को आर्कषण रूप दिया गया है।

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

पत्नी को कॉल कर बताया मैं कर रहा हूं आत्महत्या, पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

लैब संचालक ने अपने फार्म हाउस पर लगे पेड़ पर लगाई फांसी, पत्नी अपने भाई के साथ पति को एम्स लेकर पहुंची, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छावनी पठार स्थित अपने फार्म हाउस में बुधवार देर रात लैब संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उन्होंने पत्नी को कॉल कर आत्महत्या करने की जानकारी दी थी। पत्नी अपने भाई को लेकर फार्म हाउस पहुंची। इसके बाद लैब संचालक को एम्स ले जाया गया। एम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि एम्स में पीएम हो गया और शव मृतक के घर पहुंच गया, लेकिन बिलखिरिया पुलिस को सूचना नहीं मिली, न ही बागसेवनिया और कटारा हिल्स थाने में फांसी लगाने की कोई जानकारी है।

जानकारी के अनुसार दिनेश मालवीय (36) गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में रहते थे। वह लैब का संचालन करते थे। बुधवार रात लैब के कर्मचारी से जल्दी घर जाने का कहकर निकल गए। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचे। सीधे अपने छावनी पठार स्थित फार्म हाउस पर पहुंचे। उन्होंने पत्नी से कहा कि मैं फांसी लगा रहा हूं। इसके बाद पत्नी का कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। पत्नी ने फार्म हाउस पर काम करने वाले कर्मचारी को घटना की जानकारी दी। वह फार्म हाउस पहुंचा तो दिनेश फार्म हाउस के पास पेड़ पर फांसी लगा चुके थे। किसी तरह उसने दिनेश को फंदे से नीचे उतारा। इधर, उनकी पत्नी और साला फार्म हाउस पहुंच गए थे। वह कार से दिनेश को लेकर एम्स पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने चेक करने के बाद दिनेश को मृत घोषित कर दिया।

बिलखिरिया, बागसेवनिया और कटारा हिल्स थाने को नहीं दी सूचना

बुधवार रात लैब के कर्मचारी से जल्दी घर जाने का कहकर निकले थे

एम्स प्रबंधन ने नहीं दी सूचना

दिनेश मालवीय, मृतक

बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि फांसी लगाने की सूचना डायल 112 पर मिली थी, लेकिन फांसी लगाने के बाद उनकी मौत हो गई यह सूचना एम्स प्रबंधन द्वारा नहीं दी गई। दिनेश मालवीय के घर दो साल पहले करीब 12 लाख की चोरी हुई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चियां है। उन्होंने आत्महत्या क्यों की, इसका खुलासा नहीं हो सका है।

55 साल के व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर दी जान

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी सलैया में 55 साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजू गाडगे (55) बीडीए कॉलोनी, सलैया में रहते थे। वे बेरोजगार थे, जबकि पत्नी घरों में खाना बनाने जाती है। उनका बेटा मंडीदीप की फैक्ट्री में काम करता है। बुधवार सुबह उनकी पत्नी और बेटा काम पर चले गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे उनकी पत्नी घर लौटी तो राजू का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को राजू के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

नशामुक्ति केंद्र के बाथरूम में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित नशामुक्ति केंद्र में एक युवक ने फांसी लगा ली। नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी ने बुधवार शाम उसे बाथरूम में उसे फांसी के फंदे पर लटका देख अस्पताल पहुंचाया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार एस चंदू पिता शंकर (18) अन्ना नगर में रहता था। वह नशे का आदी था। नशे की लत से छुटकारा दिलाने परिजन ने उसे अवधपुरी थाने के पास नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। करीब एक महीने से वह नशामुक्ति केंद्र में था। बुधवार शाम उसने बाथरूम में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही कर्मचारी ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा था, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

खबर संक्षेप

कथा में मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म क्या है, बताया

औबेदुल्लागंज। काली मंदिर, रेहटी रोड औबेदुल्लागंज में चल रही भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन राष्ट्रीय कथा वाचक चित्रकूट धाम के पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने बताया मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म क्या है बताया। उन्होंने कहा बताया मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है भगवान कन्हैया के चरणों में निष्काम प्रेम का होना, जिसमें कोई स्वार्थ ना हो। भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यवस्थापक, अरुण भावसार, वचन लोधी, धनु चौरसिया, इंग्लिश यादव, आरती यादव, पूजा लोधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने की उमंग सिंगार से भेंट

औबेदुल्लागंज। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उमंग सिंगार से मुलाकात कर क्षेत्रवाद की समस्या को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही प्रतिनिधि, विधायक के लिए दावेदार की भी चर्चा की। इस दौरान सुरेंद्र सिंह नागर, राकेश नागर, भागवत नागर, कैलाश नागर, महेश जैन, मोहन अहिरवार, राकेश बन्ने, चंदा भाई बरखेड़ा, चौहान सिंह, पंकज शर्मा, अनोखी लाल, टीकाराम योगी, राम विलास सहित क्षेत्र के अन्य लोग शामिल थे।

डॉ. नागर ने की विधायक पटवा से सौजन्य भेंट

औबेदुल्लागंज। मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने विधायक सुरेंद्र पटवा से सौजन्य भेंट कर विभिन्न समसामयिक विषयों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास जनकल्याण एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। डॉ. नागर ने पटवा के अनुभव एवं मार्गदर्शन को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया साथ ही भाजपा सदैव राष्ट्रहित विकास एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करती रहेगी।

संपर्क अभियान के तहत विशेष शिविर आज

औबेदुल्लागंज। संभाग औबेदुल्लागंज अंतर्गत विभिन्न वितरण केंद्रों में विद्युत सेवाएं आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत यह शुक्रवार 22 मई को शिविर लगाए जाएंगे। औबेदुल्लागंज वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम प्रेम तालाब, मंडीदीप, गौहरगंज, चिकलोद वितरण केंद्रों के अंतर्गत क्लस्टर 3 के ग्रामों में शिविरों का आयोजन होगा।

शुभांक

कल्याण:	1605		
दिन:	156	24	130
रात:	450	95	348
तारा:			
दिन:	790	66	899
रात:	123	63	256

महर्षि संस्थान की अरबों की जमीन हड़पने का खेल बेनकाब

ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, मास्टरमाइंड गिरफ्तार, भू-माफिया में मचा हड़कंप

योगेश राजपूत ▶▶ बुधनी

रामचन्द्र मोहन-आकाश मालवीय सलाखों के पीछे, बुधनी की जमीन बेचने से पहले ही घराए

सुप्रीम कोर्ट ने दिए एसआईटी जांच के आदेश, कई रसूखदार रडार पर

महर्षि महेश योगी की संस्था स्पिरिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एसआरएम) की अरबों की जमीनों को फर्जी दस्तावेजों से बेचने वाले गिरोह पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा शिकंजा कसा है। ईडी ने कथित मास्टरमाइंड जी. रामचन्द्र मोहन और आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है।

महर्षि महेश योगी

जांच में सामने आया कि आरोपी कई राज्यों में धार्मिक और संस्थागत जमीनों को फर्जी रजिस्ट्री के जरिए बेचने का संगठित नेटवर्क चला रहे थे। इनके खिलाफ पहले भी कई शिकायतें हुईं, लेकिन रसूख के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई। ईडी को मामले में बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के सबूत मिले हैं।

बुधनी की जमीन पर थी नजर, कोर्ट ने लगाया स्टे

संस्था की जमीन

इस घोटाले की आंच मध्यप्रदेश के सीहोर जिले तक पहुंची। आरोप है कि गिरोह की नजर ग्राम जर्रापुर और बेरखेड़ी स्थित महर्षि संस्था की जमीनों पर थी। जी. रामचन्द्र मोहन और उसका सहयोगी मनोज सिंह इन जमीनों के अवैध विक्रय की तैयारी कर रहे थे। संस्था ने बुधनी कोर्ट में व्यवहार वाद दायर किया। इसके बाद जिला न्यायाधीश ने विविध अपील क्रमांक एमसीए/213/2024 में 12 नवंबर 2025 को अहम आदेश जारी कर जी. रामचन्द्र मोहन और मनोज सिंह के खिलाफ अस्थायी निषेधाज्ञा लागू कर दी। कोर्ट ने संबंधित जमीनों के विक्रय एवं हस्तांतरण पर रोक लगा दी थी।

सिंहवाहिनी कंपनी पर भी छापा, मनोज-राघवेंद्र का नाम

ईडी ने प्रदीप सिंह की कंपनी सिंहवाहिनी से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की है। इस पूरे फर्जीवाड़े में मनोज सिंह और राघवेंद्र का नाम भी सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में कई और बड़े नाम जांच के दायरे में आ सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट सख्तः एसआईटी करेगी जांच

मामले की गंभीरता देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर स्वतंत्र और त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। संस्था की अपील पर ये आदेश जारी हुआ।

स्थानीय भू-माफिया से कनेक्शन की आशंका

ईडी की कार्रवाई के बाद बुधनी से दिल्ली तक हड़कंप है। आशंका है कि स्थानीय स्तर पर भी कोई भू-माफिया इस गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिससे घोटाला और व्यापक रूप ले सकता है। महर्षि आश्रम के प्रबंधक अशोक खरे ने पूरे मामले की जानकारी दी है। जांच एजेंसियां अब दस्तावेजों और पैसे के लेन-देन की कड़ियां जोड़ रही हैं।

भारत में संचार क्रांति राजीव गांधी की देनः मारन

देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वः राजीव गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संत हिरदाराम नगर के तत्वावधान में श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद करतें हुए दो मिनिट का मौन रखा।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व : राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज़ मनवानी, जगदीश सांवले, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधाणी, प्रवक्ता महेश गुरबानी, नरेन्द्र केवलानी, अशोक गोकलानी, प्रकाश विधानी, विशणु मारण, सुरेश सिंगरोली, शम्मी गंगवानी,गगन भार्गव, बालमुकुंद प्रजापति, राजेश लीलानी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कठिन परिस्थितियों में राजीव गांधी ने देश की बागडोर संभाली। उसके बावजूद भी उन्होंने अपनी सुझ बुझ से देश को संभाला और भारत को संचार क्रांति का जनक बनाया, जिससे पूरे विश्व में भारत की एक मजबूत पहचान बनी। इस अवसर पर उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने कहा कि स्वःराजीव गांधी जी की दूरदर्शी सोच थी। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधाणी ने कहा हम कंप्यूटर और मोबाइल युग के बाद जो एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं वो स्व. राजीव गांधी की सोच थी।

वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रखे अपने विचार

कांग्रेस नेताओं ने स्व. राजीव गांधी को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर अपने-अपने विचार रखें। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश खटीक, हरजीत सिंह मंगू, संजय सिंह चौहान, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष जमुना राजपूत, उत्तम यादव, विनोद इरपाचे, राजाराम यादव, पंकज नागरानी, चंद्रशेखर गुप्ता, कृष्ण मौर्य, संजय खटीक, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

हितग्राहियों को चश्मे वितरित करते विधायक खत्री व अन्य।

बैरसिया विकासखंड में 423 लोगों को चश्मा वितरण किया

इस अभियान 7260 लोगों की प्रेसबायोपिया स्क्रीनिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन, स्वास्थ्य विभाग एवं 'द नज फाउंडेशन गुरुवार को बैरसिया विकासखंड में चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेसबायोपिया (निकट दृष्टि संबंधी समस्या) से प्रभावित लोगों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराना है।

मुख्य अतिथि बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने हितग्राहियों को चश्मे वितरित कर कहा यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की दृष्टि सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कुल 7260 लोगों की प्रेसबायोपिया स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 5871 हितग्राहियों को चश्मों का वितरण किया जाना है। गुरुवार को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 423 चश्मों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं द नज संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केमिस्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

औबेदुल्लागंज। ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट के विरोध में गुरुवार को औबेदुल्लागंज केमिस्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और सांकेतिक रूप से अपनी दुकानें बंद रखकर आक्रोश जताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल और सचिव योगेश नागर ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन कंपनियां नियमों का उल्लंघन कर बिना वैध पर्चे के दवाएं बेच रही हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और यह जनता की सेहत के लिए भी खतरनाक है। दवा व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन अवैध दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

भेल में एक दिवसीय पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

147 प्रतिभागियों को संगठन, नेतृत्व और साक्षात्कार के मिले महत्वपूर्ण गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के सांस्कृतिक भवन में कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पदोन्नति की प्रक्रिया से गुजरने वाले प्रतिभागियों को संगठन, नेतृत्व और साक्षात्कार से जुड़ी आवश्यक दक्षताओं व बारीकियों से अवगत कराना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संकाय के रूप में आरिफ अहमद सिद्दीकी, अपर महाप्रबंधक (एचआरडी), मोहित शाह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सीपीएक्स), प्रतीक श्रीवास्तव, प्रबंधक (सीपीएक्स) एवं तरुण कुमार कौशिक, प्रबंधक (एचआरडी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार सावले, प्रबंधक (एचआरडी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 147 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम के दौराना दो सत्र में प्रतिभागियों को दी जानकारी

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रतिभागियों को बीएचईएल के समग्र स्वरूप, वर्तमान ऑर्डर बुक की स्थिति, विविधीकरण के प्रयासों, निदेशक मंडल की संरचना, संगठनात्मक ढांचे एवं कंपनी द्वारा आरंभ की गई नई पहलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को संगठन के व्यापक दृष्टिकोण एवं वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य से परिचित कराना था। द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों के व्यक्तित्व एवं व्यवहारिक दक्षताओं के विकास पर विशेष बल दिया गया, जिसमें व्यवहार कौशल, व्यक्तित्व प्रस्तुतीकरण, शारीरिक हाव-भाव, व्यावसायिक आचरण, साक्षात्कार शिष्टाचार तथा प्रभावी संप्रेषण कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

बीएचईएल हॉलिडे होम्स की ऑनलाइन आरक्षण प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर एआईबीईयू ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल द्वारा संचालित हॉलिडे होम्स की ऑनलाइन आरक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने की मांग को लेकर ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध एनएफआईटीयू का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एजीएम मानव संसाधन सुरेखा बंछोर से मिला एवं उनके माध्यम से बीएचईएल निदेशक (मानव संसाधन) तजिंदर गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष विशाल वाणी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित कुमार उपस्थित रहे। ज्ञापन में यूनियन ने बताया कि बीएचईएल हॉलिडे होम्स की आरक्षण प्रक्रिया 22 मई प्रारंभ होना है, लेकिन आरक्षण पोर्टल खुलने से पहले ही नैनीताल, शिमला एवं शिलांग जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के कमरे 'पूर्व से आरक्षित' दर्शाए जा रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। इससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

बेहतर कनेक्टिविटी, रोजगार के नए अवसरों को मिलेगी गतिः रामेश्वर

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने के बाद भोपाल का दूसरा रेलवे जंक्शन हुआ घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन को भोपाल का दूसरा रेलवे जंक्शन घोषित किए जाने के आदेश जारी हो गए हैं। इस निर्णय को हुजूर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे संत नगर क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। जंक्शन बनने के साथ ही क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, आवागमन और परिवहन अधिक सुगम बनेगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

रेलवे जंक्शन का दर्जा मिलने के बाद स्टेशन से विभिन्न दिशाओं में रेल संपर्क का विस्तार होगा, जिससे ट्रेनों की संख्या और यात्री सुविधाओं में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही माल परिवहन को भी मजबूती मिलेगी, जिसका सीधा लाभ स्थानीय व्यापार एवं रोजगार को प्राप्त होगा। किसी भी क्षेत्र में जंक्शन बनने से वहां आर्थिक गतिविधियां तेज होती हैं और आसपास के क्षेत्रों का समग्र विकास भी गति पकड़ता है। इस उपलब्धि पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भोपाल सांसद आलोक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र निवेश और व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि यह सौगात हुजूर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगी और संत नगर के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। विधायक शर्मा ने कहा कि जंक्शन बनने से नागरिक सुविधाओं के नए आयाम स्थापित होंगे तथा आने वाले समय में क्षेत्र निवेश और व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा।

विधायक शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र को मिली सौगात

गौरतलब है कि - विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयासों से ही संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन को रतलाम डीआरएम से स्थानांतरित कर भोपाल डीआरएम में शामिल किया गया था। साथ ही उनकी पहल पर ही स्टेशन का नाम 'बैरागढ़ स्टेशन' से बदलकर 'संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन' किया गया था। बता दें कि अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण कार्य भी तीव्र गति से जारी हैं। ऐसे में जंक्शन का दर्जा मिलने से क्षेत्र को विकास, व्यापारिक प्रगति और बेहतर परिवहन व्यवस्था के रूप में दीर्घकालिक लाभ की सौगात मिलने जा रही है।

जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सीएमओ राजेंद्र कुमार को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

जनगणना 2027 के अंतर्गत बैरसिया नगर पालिका एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्य पूर्ण होने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी भोपाल प्रियंक मिश्रा द्वारा कोलार ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारी यशवर्धन सिंह एवं नगर पालिका बैरसिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार सक्सेना को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर मिश्रा ने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करना प्रशासन की बड़ी उपलब्धि है। नगर परिषद बैरसिया द्वारा बताया गया कि जनगणना कार्य के तहत क्षेत्र में मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को दें प्रोत्साहन, दंतेवाड़ा भेजें अध्ययन दलः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में भी जनजातीय कृषकों द्वारा जैविक खेती की जा रही है। इसका अध्ययन करने के लिए मध्यप्रदेश से दल भेजा जाए। डॉ. यादव ने गुरूवार को जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही।

बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह और मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों, आश्रम और छात्रावासों में शिक्षा और रहन सहन की गुणवत्ता बेहतर करें। जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाज सेवी संगठनों का भी सहयोग लें। जनजातीय क्षेत्र में शासन के विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा

खास बातें

- मुख्यमंत्री ने कहा, छात्रावासों में शैक्षणिक एवं आवासीय प्रबंधन करें बेहतर
- जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाज सेवी संगठनों का भी सहयोग लें

सर्वश्रेष्ठ 10 जिलों में से 7 जनजातीय जिले शामिल

बैठक में बताया गया है कि हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम 2026 में सर्वश्रेष्ठ 10 जिलों में से 7 जनजातीय जिले शामिल हैं। दिसम्बर 2023 से अब तक जनजातीय वर्ग के कक्षा 9 एवं 10 के कुल 3 लाख 65 हजार विद्यार्थियों को 137 करोड़ 52 लाख रुपए की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है। इसी अवधि में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 4 लाख 28 हजार विद्यार्थियों को 673 करोड़ 64 लाख रुपये की राशि भुगतान की गई है। विभाग द्वारा 2671 छात्रावास और आश्रम शालाओं का संचालन किया जा रहा है।

पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज में पशुपालन को बढ़ावा दें और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में इनका सहयोग ले। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया और सहारिया के समग्र विकास के लिए सतत कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह 15 सौ रुपए की राशि शासन की आहार अनुदान योजना में प्रदान की जा रही है। दिसम्बर 2023 से अभी तक में 2 लाख 37 हजार 550 महिलाओं को कुल 432 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं।

मुख्यसमंत्री डॉ. मोहन ने प्रदेश के सबसे ज्यादा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कराए जाने के दिए निर्देश

मध्यप्रदेश में जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना... 30 मिनट में मौके पर पहुंचेगी एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आम नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को योजना शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुगम और सुलभ परिवहन व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है और यह केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास की जीवन रेखा भी है।

बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सीमाओं पर स्थित परिवहन चौकियों और टोल नाकों को आधुनिक और सुविधा संपन्न बनाया जाए। इसके लिए सभी परिवहन चौकियों को इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़ने के प्रयास तेज किए जाएं ताकि वाहनों की निगरानी और जांच अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सबसे ज्यादा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग कराई जाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की बात कहते हुए कहा कि दुर्घटना की स्थिति में 30 मिनट से कम समय में निकटतम एम्बुलेंस मौके पर पहुंचनी चाहिए। इसके लिए ऑटो मोड सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे सबसे नजदीकी एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो सके। मुख्यमंत्री ने "राह-वीर योजना" के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। साथ ही परिवहन विभाग में मानव संसाधन की कमी को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा। इधर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राथमिक कृषि साख समितियों यानी पैक्स में 30 जून तक सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में चर्चा करते सीएम।

परिवहन विभाग की हुई समीक्षा बैठक

भोपाल और इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र नई सड़कों से होगा समृद्ध : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से निर्मित हो रही सड़कें नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने में सहयोगी हैं। इनसे 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों भोपाल और इंदौर-उज्जैन की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। भविष्य में जबलपुर और ग्वालियर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भी अधोसंरचना विकास के प्रयासों से लाभान्वित होंगे।

इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन, उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन बन जाने से यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नए आयामों को स्पर्श करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिंहस्थ : 2028 के कुछ माह पूर्व ही सड़कों के निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

योजनाओं पर चर्चा करते डॉ. मोहन यादव

दुर्घटना की आशंका वाले मार्गों को चिन्हित कर निकट प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित किए जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के निर्माण, नवाचारों के उपयोग और विभिन्न विधियों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों में मिली सफलता सराहनीय है। लोक निर्माण विभाग अन्य विभागों के सहयोग से किसान कल्याण वर्ष में गांव से शहरों तक सब्जियां और फल लेकर आने वाले कृषकों को हेलमेट वितरण के कार्य में भी शामिल हो, जिससे सड़कों पर दो पहिया वाहनों की दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। प्रदेश में मूल्यवान जिंदगियां बचाने के लिए लोक निर्माण और अन्य विभाग मिलकर कार्य करें। दुर्घटना की आशंका वाले मार्गों को चिन्हित कर निकट प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित किए जाएं।

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री आज आईबीसीए के प्री-समिट इवेंट का करेंगे शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) प्री-समिट इवेंट का शुक्रवार को शुभारंभ किया जाएगा।

भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) ऑडिटोरियम, भोपाल में होने वाले इस प्री-समिट इवेन्ट में केंद्रीय पर्यावरण और वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, मध्यप्रदेश शासन, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस तथा भारतीय वन प्रबंधन संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री यादव प्रातः 9:50 पर वन विभाग द्वारा आयोजित 20 बाइक एवं एक रेस्क्यू ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बिग कैट संरक्षण के विभिन्न आयामों पर होगा विचार-विमर्श

कार्यक्रम में जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन तथा विशेष रूप से बिग कैट संरक्षण के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के महानिदेशक डॉ. एसपी यादव आईबीसीए की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रस्तुति देंगे। साथ ही मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा भारत में चीता पुनर्स्थापन अभियान पर विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम में जैव विविधता एवं संरक्षण से संबंधित अनेक प्रकाशनों और डिजिटल पहलों का विमोचन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इनमें डाक टिकट, 'इंडियाज बायोडायवर्सिटी रिपोर्ट 2026', नागोया प्रोटोकॉल पर भारत की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट तथा एबीएस एंड-टू-एंड वेब पोर्टल शामिल हैं। इसके साथ ही एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग, अमरकंटक बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट तथा पवित्र वनों के संरक्षण पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश कार्यालय में हुई भाजपा के मोर्चा-प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक

संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को संभाग प्रभारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रभारी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने संबोधित किया।

इस बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर संभाग प्रभारियों, जिला प्रभारियों एवं जिला अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक को संबोधित किया।

फाइल फोटो

सीधी में झंडारोहण कर प्रदर्शनी का शुभारंभ

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरूवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत सीधी में पार्टी का झंडारोहण कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया एवं सत्र को संबोधित किया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरूवार को रीवा जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया।

पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

देश की अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, सेवादल प्रदेश संगठक अवनीश भार्गव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता, एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के सदस्य मौजूद रहे।

देश में नफरत और विभाजन की राजनीति बढ़ रही

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में नफरत और विभाजन की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी और आर्थिक तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या नफरत की विचारधारा का परिणाम थी।

संगठन को मजबूत करने की कवायद

मध्यप्रदेश कांग्रेस ने 10 जिलों की नई कार्यकारिणी घोषित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 10 जिलों की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सीधी, मंदसौर, रायसेन, नर्मदापुरम, नीमच, उज्जैन ग्रामीण, सागर शहर, पन्ना, टीकमगढ़ और गुना जिलों में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाना, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाना और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी में अनुभवी, समर्पित और सक्रिय कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने के साथ कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शहडोल में कार्यकर्ता विकास वर्ग में हुए शामिल

आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने की संघ की विचारधारा संगठन विस्तार व सामाजिक गतिविधियों को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत इन दिनों आदिवासी अंचल शहडोल के दौरे पर हैं।

संघ के मध्य क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम सामान्य का आयोजन जिला मुख्यालय के पांडवनगर स्थित सरस्वती स्कूल परिसर में किया जा रहा है, जहां बुधवार को संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। संघ प्रमुख के दौरे को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। वर्ग स्थल के बाहर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहा और परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगाई गई। जानकारी के मुताबिक, मध्य क्षेत्र के 383 स्वयंसेवक इस प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा ले रहे हैं। भारत मां की सेवा के संकल्प के साथ चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संघ की विचारधारा, संगठन विस्तार और सामाजिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की जा रही है। डॉ. मोहन भागवत ने वर्ग स्थल पर बनाए गए अतिथि कक्ष में संघ पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत

आज भी शहडोल में रहेंगे संघ प्रमुख

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 22 मई तक शहडोल में रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कार्यकर्ता विकास वर्ग संघ का आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम माना जाता है, जिसमें संगठन के चुनिंदा कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जाता है।

अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।

आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए,
https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर:
99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

पेज एक का शेष....

कॉकरोच जनता पार्टी ...

घंटों के भीतर इस समूह से जुड़ा एक नया अकाउंट सामने आ गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। इधर, दिल्ली में कुछ लोग कॉकरोच की पोशाक पहनकर यमुना किनारे सफाई करते नजर आए।

स्कूली पाठ्यक्रम का ...

जुलाई से गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) तक 'शिक्षक वंदना कार्यक्रम', अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि विभागीय गतिविधियों में तेजी लाएं और 16 जून से प्रारंभ हो रहे शैक्षणिक सत्र से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन कराए जाएं, ताकि ऐसे विद्यार्थी जो अपने विद्यालय से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, वे उस विद्यालय के विकास-विस्तार में कुछ योगदान भी कर सकेंगे।

शत-प्रतिशत रिजल्ट...

सम्मानित किया जाए। डॉ. यादव ने अधिकारियों को ऐसे जिलों को चिन्हित करने को कहा, जहां सभी शालाओं में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध हों, साथ ही भौतिक एवं मानव संसाधन की कमी वाले जिलों की भी अलग श्रेणी तैयार की जाए। इससे सरकार को इन जिलों पर फोकस करने में आसानी होगी।

एक वर्ष से....

बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की शालाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाए। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी कक्षाओं में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का भी अध्ययन कराया जाए। व्यावसायिक प्रशिक्षण को दृष्टिगत रखते हुए संभव हो तो क्षेत्रीय स्व-सहायता समूहों को भी ऐसी शालाओं और विद्यार्थियों से जोड़ा जाए। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन वृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आया है। वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में शासकीय विद्यालयों में कक्षा-1 में नामांकन में करीब 32.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं कक्षा 9 से 12 के नामांकन में 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है।

पुलवामा ग्रेनेड अटैक....

करीबी था। सरकार के मुताबिक अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डॉक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। 23 साल का हमजा आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा हुआ था। अल बद्र को सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। वह पाकिस्तान गया था। वहां जाकर वह अल बद्र में शामिल हो गया और बाद में संगठन का सक्रिय आतंकी और कमांडर बन गया। अभी वह पाकिस्तान से ही काम कर रहा था। उस पर आरोप है कि वह युवाओं को अल बद्र में शामिल होने के लिए उकसाता था और फंडिंग भी करता था। जांच एजेंसियों के अनुसार 2020 में सीआरपीएफ जवानों पर ग्रेनेड हमले और युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती कराने जैसी गतिविधियों में भी शामिल रहा। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के काकापोरा इलाके में आतंकियों ने 18 नवंबर 2020 को सीआरपीएफ के बंकर पर ग्रेनेड हमला किया था। हालांकि, ग्रेनेड अपने निशाने से चूककर सड़क पर फट गया, जिससे 12 नागरिक घायल हो गए।

सास गिरिबाला सिंह ....

संरक्षण नियम 2020 के तहत की गई है। विभाग के उप सचिव ने राज्य उपभोक्ता आयोग के रजिस्ट्रार से पूरे मामले की जांच रिपोर्ट भी तलब की है। ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में भोपाल के कटारा हिल्स थाने में सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज है। गिरिबाला सिंह को निचली अदालत से अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जिसे चुनौती देते हुए ट्विशा के परिजनों ने जबलपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। परिजनों के वकील अंकुर पांडेय का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में दो दिन लगाए, जबकि आरोपी सास को महज कुछ ही घंटों में जमानत मिल गई। परिजनों ने कोर्ट से मांग की है कि गिरिबाला सिंह की जमानत निरस्त की जाए, उनके कॉल डिटेल्स की जांच हो और ट्विशा का दोबारा पोस्टमार्टम दिल्ली एम्स में कराया जाए।

42 साल के ...

जांच के अनुसार बच्ची के भाई की पत्नी ने शर्त रखी थी कि यदि उसकी नाबालिग ननद की शादी उसके चाचा से होगी, तभी वह ससुराल आएगी। इस अजीबोगरीब शर्त के कारण दादा-दादी ने बच्ची पर लगातार दबाव बनाया और विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई भी की। प्रशासन को गुमराह करने के लिए आरोपी बच्ची को गुपचुप तरीके से उज्जैन ले गए और चिंतामन गणेश मंदिर में जबरन उसकी शादी करा दी। बच्ची की मां की लिखित शिकायत के बाद इस घिनौने अपराध का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक बच्चों के दादा-दादी ने शादी के लिए फर्जी अंकसूची (मार्कशीट) भी तैयार करवाई थी, जिसकी जांच शिक्षा विभाग कर रहा है।

सब खिलाड़ी समझौता...

और बैडमिंटन संघ, सभी सिस्टम की खामियों पर खुलकर बोलने के बजाए सिर्फ समझौता (एडजस्ट) कर रहे हैं, जो खेल के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि एसोसिएशन में शामिल हो रहे पूर्व खिलाड़ी भी इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि देश में बेंच स्ट्रेंथ की भारी कमी है। चीन में अगर कोई वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी चोटिल हो जाता है, तो उसकी जगह लेने के लिए दूसरा विश्वस्तरीय खिलाड़ी तुरंत तैयार रहता है, जो कुछ ही टूर्नामेंट्स में खुद को चैंपियन साबित कर देता है। भारत में ऐसी बेंच स्ट्रेंथ का पूरी तरह अभाव है।

श्वेता की करीबी...

लिए हैं। शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर के साथ हुई घटना में रेशू की एंट्री हुई। मूलतः सागर निवासी रेशू आरोपी श्वेता विजय जैन की परिचित है। श्वेता 2019 के चर्चित हनीट्रैप कांड की आरोपी है। जमानत के बाद रेशू को गैंग में शामिल कर लिया।

चीन से लौटते...

दिल्ली से पकड़ा गया है। बताया गया है कि मुकेश विज पुलिस से बचने के लिए चीन के ग्वांग्झू भाग गया था। लेकिन देवास पुलिस ने पहले ही उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवा दिया था। फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। अब तक इस मामले में पांच गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। घटना के बाद सबसे पहले लाइसेंसी अनिल मालवीय और ठेकेदार मोहम्मद अजास पकड़ा गया था। इसके बाद कपिल विज को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

अंगारे बरसने थोड़े ....

के करीब रहा। भोपाल में दशमलव 6 डिग्री गिरकर 42 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से एक डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तेज गर्मी और लू का असर रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाओं में बदलाव के साथ तापमान में कमी आ रही है। 3 से 4 दिन में कुछ जगह मौसम में बदलाव के साथ हवाओं में बदलाव से तापमान में कमी आएगी। इससे कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को प्रदेशभर के तापमान में कमी आने के साथ ही करीब 7 जिलों में पारा 44 डिग्री तक रहा है। इनमें पश्चिमी मप्र में केवल दतिया का पारा 44 डिग्री रहा। पूर्वी हिस्से के दमोह, जबलपुर, मंडला, रीवा, सतना, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड में पारा 44 डिग्री रहा। शेष जिलों में 42 से 43 डिग्री या इससे कम दर्ज हुआ।

आज यहां लू ....

खरगौन, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला व बालाघाट में भी तेज गर्मी रहेगी।

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल - cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष / फेक्स क्रमांक 0755-2551403

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 08/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2026) भोपाल, दिनांक 18/05/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रू लाख में)	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_507667_1	नर्मदापुरम	मार्ग	सुरजकुण्ड, ढांसी से चिलाचोन कढैया मार्ग का निर्माण	द्वितीय	585.56	ईएमडी / समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने है।
2	2026_PWDRB_507668_1	नर्मदापुरम	मार्ग	शिवपुर तालकेसरी से बहारपुर मार्ग का निर्माण	चतुर्थ	500.42	ईएमडी / समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने है।
				कुल योग		1085.98	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02/06/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

G-13213/26 " स्वच्छता ही सेवा "

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : mpstdc.com
क्रमांक : 234/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 21.05.2026

निविदा सूचना 194/2026_STDC_509695_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम:- सी.एम. हाउस भोपाल के वेटिंग एरिया, मीटिंग हॉल, एकान्त हॉल हेतु फर्नीचर एवं रिनोवेशन का कार्य। (03 माह) कार्य की लागत राशि रुपये 84.48 लाख।

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 05.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125916/2026 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र./ 1076/ न.पा.प./2026 मंडीदीप, दिनांक 20.05.2026

// अल्पकालीन ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_509234_1	Transportation of Water Supply and Dumping work in Storage Tanks at Different wards of municipal council by Private Water Tanker-Tractor including Diesel Driver.	16,18,000/-	12,135/-	2,000/-	28-May-2026 05:30 PM

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद मंडीदीप

पुष्पा प्रेमशंकर साहू
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद मंडीदीप

डॉ. प्रशांत जैन
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मंडीदीप

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश, भोपाल

0755-2772262

क्रमांक 6159/औषधि शाखा/2026-27/ भोपाल, दिनांक 15/05/2026

प्रथम निविदा सूचना

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर सेउपकरण, औजारात एवं अन्य हेतु वर्ष 2026-27 के लिए e-procurement प्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	विवरण	निविदा जारी करने का दिनांक	निविदा राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक
MPDAH NIT NO 33/2026	राज्य स्तरीय संस्थाओं हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से निमार्ता फर्म, एथराईस्ड ड्रिस्टीब्यूटर एवं स्टॉकिस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। उपकरण, औजारात एवं अन्य जिनका मूल्य रू. 3 लाख तक है उन निमार्ता फर्म का टर्न ओव्हर रुपये 1 करोड़ एवं 3 लाख से अधिक मूल्य वाले उपकरण, औजारात एवं अन्य हेतु निमार्ता फर्म का टर्न ओवर रु. 1-00 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 का होना अनिवार्य है।	22-05-2026	1000+ Processing Fees	रूपये 1 लाख की धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है।	10.06.2026 शाम 5.30 तक

1. निविदा प्रपत्र उपर वर्णित बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेत है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 20.00 करोड़ है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में उक्त संशोधन www.mptenders.gov.in तथा http://www.mpdah.gov.in अपलोड़ किया जाएगा।

संचालक
पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश भोपाल

G-13201/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

जोन क्र.-21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर)
सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान/भूखंड के नामांतरण हेतु जोनल कार्यालय क्र.-21 के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	दुकान क्र.	आवेदक का नाम	आवंटी का नाम	वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम	आधार
1.	दुकान क्र. -जी-42, ओल्ड पंचायत भवन, नीलबड 3000001614	श्री संतोष कुमार मारन आत्मज श्री कृपा राम मारन	श्रीमती लक्ष्मी रजक पत्नी श्री जितेन्द्र रजक	श्री संतोष कुमार मारन आत्मज श्री कृपा राम मारन	आवेदन पत्र एवं रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र. 21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जोनल अधिकारी
जोन क्र.-21
नगर निगम भोपाल

सू.क्र.209/026/027

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26
not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर

साईटः-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (लम्बाई) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

शब्द पहेली - 6233



बाएँ से दाएँ
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 6232 का हल

■	त	था	क	थि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
शि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	रा	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकु नवताल - 6243

★★★★☆ कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6242 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

खबर संक्षेप

टाटा फाउंडेशन करीब 200 गांवों तक पहुंचा

मुंबई। टाटा मोटर्स फाउंडेशन ने अपने प्रमुख इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम को देशभर के करीब 200 गांवों तक बढ़ा दिया है। यह कार्यक्रम अब 5 राज्यों की 103 ग्राम पंचायतों में चल रहा है और देश के कृषि-प्रधान क्षेत्रों में विकास को गति दे रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इस कार्यक्रम से 1.15 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला। करीब 20 करोड़ रुपए मूल्य की 50 सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के साथ तालमेल बनाकर जमीनी स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया।

सोनाटा ने लांच किया वैडिंग कैंपेन ग्रो टुगेदर

मुंबई। वॉच ब्राण्ड सोनाटा ने वैडिंग कैंपेन 'ग्रो, टुगेदर' पेश की है। ब्राण्ड ने अपने विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए नए वैडिंग वॉच कलेक्शन का भी लांच किया है। सोनाटा वॉचेज़ के पिछले कैंपेन 'ड्रीम, टुगेदर' की भावनात्मक विरासत को आगे बढ़ाते हुए नया कैंपेन शादी के दिन से आगे बढ़कर उन जोड़ों का जश्न मनाता है जो जीवन की यात्रा एवं व्यक्तिगत विकास में एक दूसरे को सहयोग प्रदान करते हैं। इस कैंपेन के केन्द्र है फोटोग्राफर जोसेफ राधिक एवं वैडिंग डिजाइनर देविका नारायण की कहानी।

जेएसडब्ल्यू ने किया 883.3 करोड़ रु. राजस्व अर्जित

मुंबई। जेएसडब्ल्यू ड्यूलक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे वर्ष के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस तिमाही में 23 प्रतिशत की मजबूत वॉल्यूम वृद्धि दर्ज की, जबकि परिचालन से राजस्व 883.3 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए 126.7 करोड़ रुपए रहा और कर पूर्व लाभ 104.3 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कुल राजस्व 3,599.2 करोड़ रुपए रहा।

कैंपस एक्टिववियर ने पेश की नई ब्रांड पहचान

नई दिल्ली। स्पोर्ट्स और एथलीजर ब्रांड कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने अपनी वार्षिक डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट 'शूकेस 2026' के दौरान ब्रांड की नई पहचान पेश की। कंपनी के अनुसार यह बदलाव केवल लोगो या डिज़ाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि कैंपस की विकास यात्रा के अगले चरण का प्रतीक है। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में देशभर से 300 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स शामिल हुए। कंपनी ने कहा कि यह कार्यक्रम देशव्यापी डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वेस्ट मैनेजमेंट सेवाओं के सर्च में 61 फीसदी की वृद्धि

मुंबई। लोकल सर्च इंजन जस्टडायल लिमिटेड के अनुसार भारत में वेस्ट मैनेजमेंट और सस्टेनेबिलिटी से जुड़ी सेवाओं की सर्च में बड़ी वृद्धि हुई है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर इन सेवाओं की सर्च में 36 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दिल्ली में सर्च में 61 फीसदी, बैंगलोर में 35 फीसदी, पुणे में 34 फीसदी, मुंबई में 26 फीसदी, चेन्नई में 28 फीसदी और हैदराबाद में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। देशभर में स्क्रैप डीलरों की सर्च में भी 21 फीसदी की वृद्धि देखी गई। इसमें चेन्नई सबसे आगे रहा।

केआरएन को 182.95 करोड़ का इंसेंटिव मिला

राजस्थान। केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड को अपने नीमराना विनिर्माण संयंत्र के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत 182.95 करोड़ रुपए का महत्वपूर्ण सरकारी इंसेंटिव प्राप्त हुआ है। यह प्रोत्साहन कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, केआरएन एचवीएसी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान किया गया है और स्थायी पूंजी निवेश से जुड़ा है। कंपनी का कहना है कि यह स्वीकृति राजस्थान में उनके बड़े पैमाने के विनिर्माण प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सेबी, एनआईएसएम और आईआईसीए के बीच समझौता

कॉर्पोरेट गवर्नेंस और ईएसजी को बढ़ावा देने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा स्थापित राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के तहत कार्यरत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ईएसजी और पूंजी बाजारों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय और कॉर्पोरेट विनियमन से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान, अनुसंधान, नीतिगत समर्थन और संस्थागत सहयोग को बढ़ाना है। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से क्षमता विकास कार्यक्रम, प्रमाणन पाठ्यक्रम, कार्यकारी शिक्षा मॉड्यूल और प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करेंगे। इनमें सेबी अधिकारियों सहित विभिन्न नियामक और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल होंगे। यह समझौता ज्ञापन 19 मई 2026 को मुंबई में हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे मौजूद रहे। समारोह में एनआईएसएम के निदेशक शशि कृष्णन भी उपस्थित थे। एमओयू पर एनआईएसएम की रजिस्ट्रार योगिता जाधव और आईआईसीए के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट की प्रमुख डॉ. गरिमा दाधिच ने हस्ताक्षर किए।

> एमओयू पर एनआईएसएम की रजिस्ट्रार योगिता जाधव और आईआईसीए के स्कूल ऑफ बिजनेस एनवायरनमेंट की प्रमुख डॉ. गरिमा दाधिच ने हस्ताक्षर किए

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

एमएसएमई और स्थिरता खुलासों पर रहेगा फोकस

सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने प्रदर्शन-आधारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पूंजी बाजारों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना और स्थिरता संबंधी खुलासों को मजबूत करना है। उन्होंने उभरते नियामक क्षेत्रों में साक्ष्य-आधारित ज्ञान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। आईआईसीए के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार सिंह ने इस सहयोग की अवधारणा तैयार की। उन्होंने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ईएसजी और जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण से जुड़े क्षेत्रों में आईआईसीए की पहलों को राष्ट्रीय विकास एजेंडा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1 मई से अब तक सोने-चांदी में बड़ा उछाल, ग्राहकी घटी

पीएम मोदी की नसीहत के बाद भी सोने में 8100 और चांदी में आई 11900 रुपए किलो की तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मई 2026 की शुरुआत से लेकर अब तक सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। लगातार बढ़ते दामों ने आम ग्राहकों की जेब पर सीधा असर डाला है, इस बीच दोनों बहुमूल्य धातुओं के बढ़ते भाव को रोकने में पीएम मोदी की भी नसीहत काम नहीं आई।

उलटा 10 मई को पीएम मोदी में सालभर सोना चांदी नहीं खरीदने की दी गई नसीहत के बाद अब तक सोने में 8100 रुपए प्रति 10 ग्राम और 11900 रुपए प्रति किलों का उछाल दर्ज हुआ। दोनों ही बहुमूल्य धातुओं के भाव में आई तेजी से सर्राफा बाजार में ग्राहकी कमजोर पड़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि शादी-ब्याह के सीजन में भी खरीदारी उम्मीद से काफी कम रही। स्थानीय सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार शुरू मई माह 2026 में सोना करीब 155200 रुपए प्रति दस ग्राम था तो चांदी 254000 रुपए किलो थी, जो बढ़कर गुरुवार को स्थानीय सराफा बाजार में क्रमशः 163600 रुपए प्रति दस ग्राम और 273600 रुपए किलो ग्राम पहुंच गया। अतः शुरू मई माह से अब तक सोने में 8400 रुपए और चांदी 19600 रुपए की तेजी दर्ज हुई। जबकि पीएम मोदी की नसीहत के बाद से अब तक सोना 8100 रुपए महंगा हुआ तो चांदी 11900 रुपए प्रति किलो महंगी हुई। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर अटकलें और निवेशकों की सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ती रुचि ने सोने-चांदी के दामों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि लगातार महंगे होते गहनों ने ग्राहकों की खरीदारी घटा दी है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब हल्के वजन के आभूषण खरीद रहे हैं या खरीदारी टाल रहे हैं। खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों में इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है।


फाइल फोटो

उद्योग मंत्री गोयल ने गिनाईं उपलब्धियां

12 वर्षों में भारत के चाय निर्यात ने लगाई 93 फीसदी की छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में वित्त वर्ष 2025-26 तक 93 प्रतिशत बढ़कर 8,719 करोड़ रुपए रहा है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 4,509 करोड़ रुपए था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से गुरुवार को दी गई। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर भारतीय चाय की बढ़ती वैश्विक अपील का जिक्र करते हुए, गोयल ने चाय को एक भावना बताया और कहा कि यह देश के दैनिक जीवन, संस्कृति और परंपराओं में गहराई से समाहित है।

मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता मानकों में सुधार और देश की समृद्ध चाय विरासत को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत किया है। पिछले वर्ष गोयल ने बताया था कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है, जिनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। गोयल ने जून 2025 में एक्स पर पोस्ट किया था, महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025 में, निर्यात की गई चाय की कुल मात्रा 263 मिलियन किलोग्राम थी, जबकि इसका कुल मूल्य 7,818 करोड़ रुपए था।

5 जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित

एयरटेल ने लांच किया प्रायोरिटी पोस्टपेड भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बेहतर नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने भारत में एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड लांच किया है, जो उन्नत 5जी स्लाइसिंग तकनीक से संचालित एक नया पोस्टपेड ऑफर है। इस सेवा का उद्देश्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों में नेटवर्क की समस्याओं को हल करना है। एयरटेल के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने ग्राहकों को ईमेल में बताया कि कंपनी ने यह सेवा उन फीडबैक के आधार पर शुरू की है, जिसमें ग्राहकों ने बाजार, ट्रैफिक जाम या बड़े इवेंट्स में वीडियो कॉल, ईमेल डाउनलोड और फोटो अपलोड करते समय नेटवर्क बाधाओं की शिकायत की थी। शर्मा ने कहा कि एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में निरंतर और सुसंगत अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हमारे 5जी नेटवर्क के नवीनतम अपग्रेड 'स्लाइसिंग' के माध्यम से संभव हुआ है। एयरटेल के अनुसार, स्लाइसिंग एक उन्नत 5जी क्षमता है जो पहले से कई वैश्विक बाजारों में इस्तेमाल हो चुकी है। अब इसे भारत में पोस्टपेड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया है, जिससे नेटवर्क की स्थिरता और अतिरिक्त क्षमता मिलती है। यह सेवा एयरटेल के मौजूदा पोस्टपेड प्लान्स में उपलब्ध होगी, और सभी मौजूदा पोस्टपेड ग्राहकों को स्वचालित रूप से इसका लाभ मिलेगा। उपयोगकर्ता संगत 5जी स्टैंडअलोन स्मार्टफोन्स और नवीनतम सॉफ़्टवेयर वर्शन पर इस सेवा का अनुभव कर सकते हैं।

शाश्वत शर्मा

गर्मी का असर दैनिक जीवन ही नहीं कारोबार पर भी

बाजारों में करीब 30 से 40 फीसदी ग्राहकी कम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी जनजीवन को ही प्रभावित नहीं कर रही है बाजारों में होने वाले व्यापार को भी प्रभावित कर रखा है। भीषण गर्मी की बदौलत राजधानी के बाजारों में दोपहर बाद शहरी और देसावरी दोनों ही प्रकार की 40 फीसदी ग्राहकी घटी है।

शहरी लोग जरूरत की दैनिक उपयोग और जरूरत की सामग्री लेने सुबह और शाम ही अपने घर या आफिस से निकलकर बाजारों की ओर रूख कर रहे हैं तो देसावरी लोग फोन पर संबंधित दुकानदार को सामग्री का ऑर्डर दे रहे हैं। कुल मिलाकर भीषण गर्मी के चलते राजधानी के बाजारों में करीब 30 से 40 फीसदी ग्राहकी कम हुई है जिससे व्यापारियों के व्यापार पर असर पड़ रहा है। पुराने भोपाल स्थित चावल-दाल के थोक व्यापारी सचिन संगतानी ने बताया कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। लोग तेज धूप और लू के कारण बाजारों की ओर रूख नही कर रहे हैं। मसलन ग्राहकों की संख्या भी कमी आई है। उनके अनुसार पिछले कुछ दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। खासकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाजारों में ग्राहकी काफी कमजोर देखी जा रही है। वहीं कपड़ा, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और किराना बाजार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि गर्मी की वजह से बिक्री में 30 फीसदी तक गिरावट आई है। दुकानदारों के अनुसार पहले जहां शाम तक बाजारों में भीड़ रहती थी, वहीं अब लोग ऑनलाइन खरीदारी या शाम देर से बाजार पहुंचना पसंद कर रहे हैं। दूसरी ओर गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम, कूलर, एसी और फ्रिज की मांग में तेजी आई है।

> ■ दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आता है। लोग तेज धूप और लू के कारण बाजारों की ओर रुख नहीं कर रहे

चौक बाजार

सीआईआई और एसआईडीएम ने साइप्रस साझेदारों के साथ रणनीतिक समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साइप्रस-भारत व्यापार मंच के दौरान भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौते किए गए। इस अवसर पर साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे। कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, निवेश प्रोत्साहन, संयुक्त उद्यम और व्यापार मेलों के माध्यम से भारत-साइप्रस औद्योगिक संबंधों को मजबूत करना है। सीआईआई की कौशल एवं आजीविका केंद्र राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष बी. थियागराजन ने कहा कि यह साझेदारी व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के नए द्वार खोलेगी। न्होंने यह भी बताया कि यह सहयोग प्रमुख क्षेत्रों जैसे प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, रसद, रक्षा, डिजिटल नवाचार और सेवाओं में विकास को गति देगा। इसी क्रम में, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) ने साइप्रस डिफेंस एंड स्पेस इंडस्ट्री क्लस्टर (सीडीएसआईसी) के साथ रक्षा विनिर्माण, एयरोस्पेस नवाचार और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

एयरबीएनबी ने पेश की नई सेवाएं

नई दिल्ली। एयरबीएनबी अब केवल ठहरने की जगह बुक करने वाला प्लेटफार्म नहीं रहा। कंपनी ने अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए एयरबीएनबी एक्सपीरियंस और एयरबीएनबी सर्विसेज शुरू की हैं। इन नई सेवाओं के जरिए उपयोगकर्ता अब एक ही जगह पर घर बुकिंग करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के साथ शहर घूमना, निजी शेफ से खाना बनवाना, और यात्रा के दौरान अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। एयरबीएनबी के को-फाउंडर और सीईओ ब्रायन चेस्की ने कहा कि यात्रा केवल आसान नहीं बल्कि यादगार भी होनी चाहिए।

बिजनेस न्यूज

ईडीआईआई ने किया 25वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

अहमदाबाद। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने अपने अहमदाबाद परिसर में शैक्षणिक कार्यक्रमों के 25वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस अवसर की शोभा मुख्य अतिथि विनय कुमार सक्सेना, माननीय उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने बढ़ाई। इस अवसर पर राकेश शर्मा, अध्यक्ष–ईडीआईआई एवं प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड; डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई; तथा ईडीआईआई गवर्निंग बोर्ड के प्रतिष्ठित सदस्य भी उपस्थित रहे। इनमें गोपाल झा, मुख्य महाप्रबंधक , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई; डॉ. मिलिंद कांबले, संस्थापक अध्यक्ष, दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पुने, राजेश गांधी, मेनेजिंग डायरेक्टर, वाडीलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अहमदाबाद तथा डॉ. ओ. पी. गोयल, एडवाईजर टू सीईओ, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली शामिल थे। 25वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 98 विद्यार्थियों और स्कोलर्स को डिप्लोमा तथा उत्तीर्णता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

एमएलबी ने की रिलायंस की राइज वर्ल्डवाइड के साथ साझेदारी

मुंबई । मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने भारत में बेसबॉल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी राइज़ वर्ल्डवाइड के साथ नई साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत भारत में मार्केटिंग, सोशल मीडिया अभियान, डिजिटल कार्यक्रम और अक्टूबर 2026 में मुंबई में बड़ा लाइव इवेंट आयोजित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं तक बेसबॉल का रोमांच पहुंचाना और उन्हें खेल से जोड़ना है। एमएलबी ने भारत में लंबे समय से बेसबॉल को बढ़ावा देने के प्रयास किए हैं। 2019 में नई दिल्ली में कार्यालय खोलने के बाद से लीग ने एमएलबी फर्स्ट पिच, एमएलबी कप प्रतियोगिताएं और पोस्ट-सीजन मुकाबलों का प्रसारण शुरू किया।

नई फायर टीवी स्टिक एचडी लांच

नई दिल्ली। अमेजन ने ऑल-न्यू फायर टीवी स्टिक एचडी लांच कर दी है। कंपनी के अनुसार पिछली जनरेशन की तुलना में औसतन 30 प्रतिशत तेज परफॉर्मेंस प्रदान करती है।नई फायर टीवी स्टिक एचडी में एचडीआर10+और वाई-फाई 6 सपोर्ट शामिल है, जिससे ग्राहक फुल एचडी कंटेंट स्मूथ और लैग-फ्री अनुभव के साथ स्ट्रीम कर सकते हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

क्रमांक 2842/जलप्रदाय शाखा/2026 हरदा दिनांक 21/5/26

// ई-निविदा सूचना //

Tender Notice no. 2026_UAD_496094_2 Date 21.05.2026 कार्य का नामः नगर पालिका हरदा को हंडिया जल संयत्र हेतु विद्युत स्थापना के अंतर्गत सामग्री क्रय करने हेतु अनुमानित लागत रु. 25,00,000/-अमानत राशि रू. 18,750/- ई-निविदा क्रय दिनांक 22.05.2026 से 05.06.2026 तक क्रय की जा सकती है। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

पश्चिम मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना क्र. : डबल्यूसीआर–सीआरडबल्यूएस–बीपीएल–ईएल–टी–25–12आर, दिनांक : 18.05.2026 कार्य का नाम : वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 हेतु सी. आर. डबल्यू. एस. : भोपाल के नॉन एसी एवं एसी कोचों में की जाने वाली विद्युतीय कार्यों की आउटसोर्सिंग का कार्य । **कार्य की लागत :** Rs. 1,00,32,284.94/-, **निविदा फार्म का मूल्य :** 0.00, **धरोहर राशि :** Rs. 2,00,700/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह, **निविदा जमा करने की तिथि :** 09.06.2026, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि :** 09.06.2026 15:00 बजे के उपरांत निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मुख्य कारखाना प्रबन्धक,
सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना,
पश्चिम मध्य रेल, निशातपुरा, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

PH.No. 07577-222238
Mail-cmoharda@mpurban.gov.in

क्र./वाहन शाखा/26/2831 हरदा, दिनांक 20/5/2026

// ई-निविदा आमंत्रण //

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, हरदा जिला हरदा को वित्त वर्ष 2026-27 हेतु निकाय के वाहनों के लिऐ टायर-ट्युब की दर बुलाये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है। इस हेतु निविदा क्रमांक 2026_UAD_508694_1 दिनांक 19/05/2026 को जारी कि गई है। ऑनलाईन टेण्डर क्रय दिनांक 20/05/2026 से दिनांक 19/06/2026 समय सायं 05:30 बजे तक एवं बीड प्रस्तुत करने कि अंतिम तिथि 19/06/2026 समय सायं 05:30 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.)
मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड जबलपुर

विद्युत ब्रह्मेति — फोन कॉ 1912

Phone No. CTI 0761-2970571 Email Id- mpez.training@gmail.com

अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत स्नातक एवं तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस (एक वर्षीय) के आवेदन हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये जिन्होंने B.E/B.TECH (ELECTRICAL / CIVIL / IT / CSE), B.COM. एवं DIPLOMA (ELECTRICAL / CIVIL) शासकीय मान्यता प्राप्त कॉलेज से वर्ष 2022 से 2026 के मध्य उत्तीर्ण की हो, को अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अंतर्गत स्नातक एवं तकनीकी अप्रेंटिस में एक वर्षीय अप्रेंटिस हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25/06/2026 शाम 5:30 बजे तक है। कुल रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	विषय	शैक्षणिक योग्यता	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	सामान्य	कुल
1.	ग्रेजुएट इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	B.E/B.Tech (Electrical Engineering)	4	4	6	8	22
2	ग्रेजुएट सिविल इंजीनियरिंग	B.E/B.Tech (Civil Engineering)	1	1	1	0	3
3.	ग्रेजुएट वाणिज्य एवं लेखा संकाय	B.Com.	2	3	4	4	13
4.	तकनीकी (डिप्लोमा) इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	Diploma (Electrical Engineering)	2	3	4	5	14
5.	तकनीकी (डिप्लोमा) सिविल इंजीनियरिंग	Diploma (Civil Engineering)	1	1	1	0	3
6.	ग्रेजुएट आई.टी./सी.एस.ई.	B.E (IT/Computer Science Engineering)	3	3	5	6	17
		कुल	13	15	21	23	72

नोट - विस्तृत विवरण कंपनी की वेबसाइट www.mpez.co.in पर देख सकते है।

मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.जबलपुर

चिंतन

आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।

मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया

कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

बाल मुकुन्द ओझा

आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी?

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रसे नेता राहुल गांधी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नज़र डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हज़म नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है। राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है।

राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिलाए मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है । मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है ,अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है। राहुल को चाहिए कि वे अनाप शनाप बयान न देकर अपनी गरिमा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकर सहज स्वरूप सम्हारा

संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें

संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

सटाका

आज की पाती

सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

-सूर्यांश, रोहतक

ट्रेंड

कृषि जीवन की मूल धारा



भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इवकोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं

हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेजी से बढ़ावा दे रहा है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

ऋण को सिबिल से जन जोड़ें

हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तों से नहीं जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

घुसपैठियों को बीएसएफ को सौंपेंगे

पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतों में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश मे घुसपैठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-सुवेंदु अधिकारी, सीएम पश्चिम बंगाल

करंट अफेयर

कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी

पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह कई क्षेत्रों में फैल रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होना होगा।'उन्होंने कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि स्थिति नियंत्रण में है।' स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो प्रकार से निपटने के लिए कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, जो पहली ज्ञात मौत के बाद हफ्तों तक बिना पता चले फैलता रहा। इबोला वायरस के संक्रमण से अब तक 139 संदिग्ध मौतें हुई हैं और लगभग 600 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

चेहरे पर बने सिंह, बाघ और चीता, मिट्टी से बनाया तेंदुए का रिलीफ मॉडल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में फेस पेंटिंग एवं क्ले मॉडलिंग वर्कशाप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में जारी ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम में फेस पेंटिंग एवं मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया। फेस पेंटिंग कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध चित्रकार विवेक कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को चेहरे पर सिंह, बाघ, चीता आदि बनाना सिखाया तथा बच्चों ने स्वयं अन्य प्रतिभागियों के चेहरे पर इन प्राणियों को बनाया।

संग्रहालय के वैज्ञानिक- सी एवं कार्यक्रम समन्वयक मानिक लाल गुप्त ने इन बड़ी बिल्लियों के व्यवहार एवं प्रकृति में उनकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका और उनके संरक्षण के महत्व पर बल दिया।

प्रसिद्ध चित्रकार विवेक कुमार वर्मा ने दिया प्रशिक्षण

चित्रकार विवेक कुमार वर्मा प्रतिभागियों के चेहरे पर चित्र बनाते हुए।

बच्चों ने भी बॉडी पेंटिंग सीखी।

मिट्टी से बनाया गौरैया का थ्री डी मॉडल

5ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके दौरान संग्रहालय के मूर्तिकार अरविंद अनुपम ने प्रतिभागियों को मिट्टी से तेंदुआ का रिलीफ मॉडल और गौरैया का थ्री डी मॉडल बनाना सिखाया।

खबर संक्षेप

भारत भवन में संतवाणी समारोह आज से

भोपाल। बहुकला केन्द्र भारत भवन में 22 मई से तीन दिवसीय 'संतवाणी समारोह' का आगाज़ होने जा रहा है। 24 मई तक चलने वाले इस विशेष सांगीतिक आयोजन में भारतीय संत परंपरा, भक्तिकालीन काव्य और सूफियाना संवेदनाओं से सजे अमर भक्तिपद सुरों के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचेंगे। समारोह के पहले दिन शुक्रवार को पूर्वी सप्रे भक्तिपद गायन की प्रस्तुति देंगी। इसके बाद सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली अपनी विशिष्ट शैली में संतवाणी की सुरधारा प्रवाहित करेंगी। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।

फ्रेंच मूवी रूज का प्रदर्शन आज

भोपाल। अलियांस फ्रांसेज द भोपाल और सिने क्लासिक द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर चर्चित फ्रेंच फिल्म रूज (रेड सॉइल) का विशेष प्रदर्शन शुक्रवार, 22 मई को शाम 7.15 बजे कैनोपी (रूफ टॉप) में आयोजित किया जाएगा। फिल्म एक युवा नर्स नूर की कहानी है, जो अपने पिता की केमिकल फैक्ट्री में काम शुरू करती है। इंफर्मरी की जिम्मेदारी संभालते हुए वह उद्योगपतियों, राजनेताओं और यूनियनों के बीच छिपे ऐसे रहस्यों तक पहुंचती है, जो पर्यावरण, श्रमिकों के स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करते हैं। यह फिल्म औद्योगिक प्रदूषण, पर्यावरणीय संकट और मानवीय संवेदनाओं को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। अपने यथार्थवादी ट्रीटमेंट और संवेदनशील निर्देशन के कारण रूज (रेड सॉइल) समकालीन पर्यावरणीय चिंताओं पर महत्वपूर्ण टिप्पणी बनकर उभरती है।

मॉडर्न थिएटर से संवरेगा 'तरंग कला महोत्सव'

भोपाल। नटराजन संस्था द्वारा आयोजित शहर का बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजन तरंग कला महोत्सव 6.0 आयोजन आगामी 3 जून को शाम 5 बजे से रवींद्र भवन में आयोजित होगा। अपनी अनूठी थीम और सामाजिक संदेशों के लिए पहचाने जाने वाले तरंग कला महोत्सव ने पूर्व में भारतीय लोकनृत्य, कथक, भरतनाट्यम तथा यमलोक जैसी सामाजिक संदेश से भरपूर प्रस्तुतियां दर्शकों के सामने रखीं। इस बार तरंग कला महोत्सव 6.0 पहली बार एक बेहद अलग और आधुनिक प्रस्तुति लेकर आ रहा है हॉरर थीम आधारित मॉडर्न थिएटर। यह नाटक हॉलीवुड फिल्म शैली में लिखा गया है। निर्देशक एवं मॉडर्न थिएटर प्रशिक्षक जॉय वाधवानी द्वारा लिखित यह नाट्य प्रस्तुति अनोखा मंचन होगा, जिसमें तकनीक, संगीत, अभिनय और नृत्य का समावेश किया गया है।

रवींद्र भवन में गूंजा महिलाओं के संघर्ष और आत्मसम्मान का स्वर

भोपाली तहजीब, संघर्ष, महिला सशक्तिकरण की जीवंत प्रस्तुति बना नाटक 'खाला कमाल की'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन का मंच गुरुवार शाम रंग, संवेदना और भोपाली तहज़ीब की खुशबू से सराबोर हो उठा, जब वीमेन एजुकेशन एंपावरमेंट सोसायटी (वीज) की ओर से चर्चित सामाजिक नाटक खाला कमाल की का प्रभावशाली मंचन किया गया।

अदाकार ग्रुप की इस प्रस्तुति ने हास्य और भावनाओं के सुंदर ताने-बाने के माध्यम से दर्शकों को न केवल भरपूर मनोरंजन दिया, बल्कि महिला सशक्तिकरण और मानवीय संवेदनाओं का गहरा संदेश भी छोड़ा। भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित उन महिलाओं को समर्पित यह नाट्य प्रस्तुति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो जरी-जरदोजी कला के माध्यम से आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रही हैं।लेखक रफ़ी शब्बीर की इस रचना में लगभग 22 कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुति दी, जिसमें निर्देशन फर्रुखशेर खान का रहा।

भोपाली संस्कृति और अपनत्व से भरा सभागार

नाटक ने कला और समाजसेवा के बीच एक संवेदनशील सेतु का निर्माण किया। मंच पर जैसे ही खाला का किरदार जीवंत हुआ, पूरा सभागार भोपाली संस्कृति की मिठास और अपनत्व से भर उठा। प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वास्तिका चक्रवर्ती ने अपने सशक्त अभिनय से चरित्र को इतनी सहजता और आत्मीयता से प्रस्तुत किया कि दर्शक कभी ठहाकों में डूबे नजर आए।

विशिष्ट सेवा सम्मान 2026

कला, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को इस वर्ष विशिष्ट सेवा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

इसलिए बनी विशेष प्रस्तुति

नाटक की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उसने मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं के संघर्ष, आत्मसम्मान और साहस को बेहद सहज ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में गंगा-जमुनी संस्कृति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का भाव लगातार प्रवाहित होता रहा।

द आर्ट ऑफ लिविंग में विशेष सत्संग

आज के तनावपूर्ण संसार में गुरुदेव का कार्य अत्यंत महत्वपूर्णः निर्मला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला एवं बाल विकास कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने द आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर बेंगलुरु के अपने प्रवास के दौरान कहा कि आज के तनावपूर्ण संसार में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आश्रम का वातावरण, यहां की ऊर्जा और सेवा कार्यों को देखकर उन्हें यह अनुभव हुआ कि समाज में बढ़ते मानसिक तनाव, अवसाद के बीच द आर्ट ऑफ लिविंग लोगों को नई दिशा दे रही हैं। मंत्री भूरिया द आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष सत्संग में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मप्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत द आर्ट ऑफ लिविंग की कई पहलों को लागू करने की उनकी इच्छा है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू भी हुए शामिल

आश्रम में अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं जब भी गुरुदेव को देखती थी, हमेशा मुस्कुराते हुए देखती थी। आज यहाँ आकर उस मुस्कान का रहस्य समझ में आया। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गुरुकुल में 24 मई तक चलेगा शिविर

योग, ध्यान जैसी एक्टिविटीज से संवर रहा बच्चों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंद्रपुरी स्थित ऋषि वाटिका शिविर इन दिनों बच्चों की रचनात्मकता, संस्कार और सीखने की उत्साही दुनिया से गुलजार है। 'गुरुकुल - चरित्र निर्माण का केंद्र' थीम पर आयोजित समर कैंप में बच्चे गर्मी की छुट्टियों को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखकर ज्ञान, संस्कृति और आत्मविकास की गतिविधियों से जोड़ रहे हैं। शिविर में योग, ध्यान, वेद ज्ञान और नैतिक मूल्यों की शिक्षा के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेघा मालवीय के संयोजन में आयोजित यह शिविर 24 मई तक चलेगा, जिसमें बच्चों के लिए पारंपरिक भारतीय ज्ञान और आधुनिक रचनात्मक गतिविधियों का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है। शिविर में जुंबा सेशन, क्लासिकल डांस, ड्रॉइंग और क्रिएटिव आर्ट जैसी गतिविधियां चल रही हैं। रंगों, संगीत और अभिव्यक्ति से भरे इन सत्रों ने बच्चों की कल्पनाशीलता को नई उड़ान दी है। शिविर का सबसे आकर्षक वह पल रहा, जब बच्चों ने सफेद शीट पर अपने हाथों की रंग-बिरंगी छाप बनाकर एकता, प्रेम और सामूहिकता का संदेश दिया। नन्हे हाथों की यह अभिव्यक्ति केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि सहयोग और सौहार्द का जीवंत प्रतीक बन गई।

करियर हब के रूप में विकसित हो रहा है सेंट्रल लाइब्रेरी का पुस्तकालय

सेंट्रल लाईब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की 190 नवीन पुस्तकों की लॉन्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा। 117 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक धरोहर और मप्र के सबसे समृद्ध ज्ञान-केन्द्र, मौलाना आजाद सेन्ट्रल लाइब्रेरी (केंद्रीय पुस्तकालय), में 190 नवीन पुस्तकों का भव्य विमोचन (लॉन्चिंग) कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाइब्रेरी प्रबंधन का यह कदम प्रदेश के हजारों छात्र-छात्राओं के करियर को नई उड़ान देने और इसे एक आधुनिक करियर हब के रूप में स्थापित करने में मददगार साबित होगा।

नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित हैं ये 190 नई पुस्तकें

इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रंथपाल रत्ना वाधवानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर उस छात्र तक सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री पहुंचाना है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। ये 190 नई पुस्तकें पूरी तरह से नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित हैं। लाइब्रेरी में छात्रों को केवल किताबें ही नहीं, बल्कि एकाग्रता से पढ़ने के लिए एक सकारात्मक माहौल भी मिलता है।

खुद के डिजाइन विमान मॉडल को उड़ाया आसमान में

मैपकॉस्ट में बच्चों ने सपनों को दी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकॉस्ट) के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में आयोजित दो दिवसीय 'ऐयरो मॉडलिंग, डिजाइन, बिल्ड एंड फ्लाई' कार्यशाला बच्चों के लिए विज्ञान, कल्पना और रोमांच का अनूठा संगम बन गई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 32 विद्यार्थियों ने न केवल विमान मॉडल तैयार किए, बल्कि उन्हें आसमान में उड़ाकर विज्ञान को बेहद करीब से महसूस भी किया।

समझा एयरोडायनामिक्स, संतुलन व नियंत्रण

कार्यशाला का माहौल किसी विज्ञान प्रयोगशाला से अधिक एक रचनात्मक उड़ानशाला जैसा नजर आया, जहां बच्चों की जिज्ञासा पंख बनकर आसमान छू रही थी। विद्यार्थियों ने एयरोडायनामिक्स, संतुलन, नियंत्रण और उड़ान के वैज्ञानिक सिद्धांतों को खेल-खेल में समझा। कागज, फोम और हल्के पदार्थों से बने छोटे-छोटे विमान जब हवा में उड़े, तो बच्चों के चेहरे उत्साह और आत्मविश्वास से खिल उठे।

विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है...

मैपकॉस्ट महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि सवाल पूछने, प्रयोग करने और नई संभावनाएं खोजने का माध्यम है। उन्होंने बच्चों को जिज्ञासु बनने, रचनात्मक सोच विकसित करने और अपने ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया।

साइंस सेंटर में अवकाश रचनात्मक विज्ञान कार्यशाला का समापन

बच्चों ने समझा स्काई राइडर्स-एयरोमॉडलिंग कैम्प एवं रोबो बिल्डर्स बूट कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय अवकाश रचनात्मक विज्ञान कार्यशाला के अंतर्गत स्काई राइडर्स- एयरोमॉडलिंग कैम्प एवं रोबो बिल्डर्स बूटकैंप का गुरुवार को समापन हुआ। स्काई राइडर्स- एयरोमॉडलिंग कैम्प में प्रतिभागियों ने एयरोडायनामिक्स एवं उड़ान के सिद्धांतों को समझते हुए विभिन्न प्रकार के एयरोमॉडल तैयार किए।

विद्यार्थियों ने ग्लाइडर, लूप हूपस्टर, स्क्वायर हूपस्टर, रोटो कॉप्टर, पेपर एरोप्लेन लॉन्चर आदि मॉडल स्वयं निर्मित किए तथा उनके सफल टेस्ट फ्लाइट भी किए। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को उड़ान विज्ञान एवं मॉडल डिजाइनिंग की रोचक जानकारी प्राप्त हुई।

रोबोटिक्स किट से समझी रोबोटिक्स की मूल अवधारणा

वहीं, रोबो बिल्डर्स बूटकैंप में विद्यार्थियों ने विशेष रोबोटिक्स किट की सहायता से रोबोटिक्स की मूल अवधारणाओं को समझते हुए विभिन्न प्रकार के रोबोट तैयार किए। प्रतिभागियों ने हैंड जनरेटर कार, कैटर बॉट, लाइन फॉलोइंग रोबोट, बेसबॉल बैटर बॉट, क्लिफ अवॉइडर रोबोट एवं फॉलो-मी रोबोट जैसे रोचक मॉडल विकसित किए। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सेंसर, मोटर एवं प्रोग्रामिंग के मूलभूत सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

बस हादसों पर पीटीआरआई सख्त

28 मई तक विशेष जांच अभियान चलाने भोपाल आईजी व प्रदेश के पुलिस अधीक्षक को आदेश जारी किया, अब रोजाना देनी होगी कार्रवाई की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बसों में एग्जिट गेट और अन्य कमियों की वजह से होने वाले हादसों और यात्रियों की मौत पर पीटीआरआई (पुलिस ट्रेनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) ने नाराजगी जताई है। साथ ही नियम विरोध संचालित बसों पर कार्रवाई को लेकर भोपाल आईजी व प्रदेशभर के एसपी को आदेश जारी किए है।

पीटीआरआई सहायक पुलिस महानिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि बसों में आपातकालीन निकासी

फाइल फोटो

व्यवस्था न होने से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होना केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं और दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता है। इसलिए 28 मई तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर बसों की जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस आयुक्त भोपाल, इंदौर और सभी पुलिस अधीक्षकों को लिखे पत्र में कहा गया है कि यह अत्यंत चिंतनीय है कि सार्वजनिक परिवहन जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की उपेक्षा की जा रही है। इससे मानव जीवन के अधिकार के साथ गंभीर खिलवाड़ की स्थिति बन रही है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए पुलिस परिवहन शोध संस्थान ने प्रदेशभर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं।

सौ फीसदी फिजिकल जांच हो, गड़बड़ी पर कार्रवाई तय

पीटीआरआई की ओर से यह भी कहा गया है कि जिलों में संचालित सभी यात्री बसों के संबंध में तत्काल प्रभाव से विशेष सघन निरीक्षण और 100 फीसदी फिजिकल जांच अभियान चलाया जाए, ताकि कोई भी बस निश्चित सुरक्षा मानकों की अवहेलना करते हुए संचालित न होने पाए। इसमें यह भी कहा गया है कि बिना फिटनेस बिना परमिट और बिना वैध दस्तावेज के संचालित बसों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर इस जांच से प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा। सभी पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों से प्रतिदिन की जाने वाली कार्यवाही की रिपोर्ट भी देने के लिए कहा गया है। इस दौरान जिन बसों में इमरजेंसी गेट को बंद करके उसके स्थान पर अतिरिक्त सेट लगाई गई है उन बसों की वीडियोग्राफी बस नंबर को स्पष्ट रूप से दिखाते हुए की जाए और इसका पंचनामा तैयार कराया जाए ताकि उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा सके।

इन बिंदुओं पर करनी होगी जांच

- चेकिंग के दौरान यह देखा जाएगा कि फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता है या नहीं है और वह वैध है या नहीं है।
- वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र, परमिट फिटनेस प्रमाण पत्र एवं बीमा दस्तावेज की जांच भी की जाएगी।
- चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं बैच चेक किया जाएगा।
- वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र में जितनी संख्या तय है उससे अधिक सीट और सवारी नहीं होना चाहिए।
- वाहन निश्चित गति सीमा से अधिक गति में न संचालित होता हो।
- नशे की हालत में वाहन का संचालन नहीं होना चाहिए।
- रात्रि में रिफ्लेक्टर और लाइट व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए।

ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला: आरोपी पति समर्थ सिंह की भी नहीं हुई गिरफ्तारी

गिरिबाला सिंह को दो नोटिस तामील नहीं होने के बाद पुलिस ने तीसरा नोटिस भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश ही नहीं देश में बहुचर्चित ट्विशा शर्मा सुसाइड मामले में समर्थ सिंह की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस की छह टीम उसकी तलाश कर रही है। इनाम की राशि दस हजार से बढ़ाकर तीस हजार रुपए कर दी गई, लेकिन, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। मामले में ट्विशा की सास रिटायर्ड जिला जज गिरिबाला सिंह को पुलिस ने पूछताछ के लिए दो नोटिस भेजे थे। दोनों ही नोटिस तामील नहीं हो सके। पुलिस तीसरा नोटिस उन्हें देने पहुंची, लेकिन वह घर नहीं मिलीं। लिहाजा पुलिस ने पुलिस ने उन्हें वाट्सएप और ई मेल के जरिये नोटिस जारी किया है। यदि तीसरे नोटिस में वह पुलिस की पूछताछ में मदद नहीं करती है तो पुलिस कोर्ट का सहारा लेगी और जमानत कैंसिल करने की अपील कर सकती है।

गिरिबाला सिंह

पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि गिरिबाला सिंह को बयान दर्ज कराने के लिए तीसरा नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले जारी किए गए दो नोटिस तामील नहीं हो सके, क्योंकि वह घर पर मौजूद नहीं थीं। यदि वह जांच में सहयोग नहीं करती हैं तो पुलिस अदालत में आवेदन देकर उनकी अग्रिम जमानत निरस्त कराने की मांग कर सकती है। उल्लेखनीय है कि नोएडा निवासी ट्विशा शर्मा 12 मई को कटारा हिल्स स्थित अपने ससुराल के घर में फंदे से लटकी मिली थीं। उनकी शादी दिसंबर 2025 में हुई थी और घटना शादी के लगभग छह महीने बाद हुई।

घर में गैरमाजूदगी के कारण वाट्सएप और मेल किया नोटिस, यदि पूछताछ में नहीं किया सहयोग तो कोर्ट की मदद लेगी पुलिस

यह भी है नियम

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के अनुसार महिलाओं, 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाने से छूट दी गई है। पुलिस को उनके निवास स्थान या किसी अन्य पारस्परिक रूप से सुविधाजनक स्थान पर सुविधाजनक समय पर जाकर पूछताछ करनी होती है।

तीन दिन में चालीस कॉल

ट्विशा की आत्महत्या के बाद गिरीबाला सिंह के मोबाइल से तीन दिन में चालीस से ज्यादा कॉल हुए थे। यह कॉल डिटेल में कुछ नंबर संदिग्ध है, जो ट्विशा को न्याय दिलाने में अहम साबित हो सकते है। लिहाजा ट्विशा के वकील ने उक्त सभी नंबर की कॉल डिटेल के लिए पुलिस को भेजा है।

समर्थ की अग्रिम जमानत का विरोध करेंगे परिजन

सेशन कोर्ट से सामर्थ की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद आरोपी पक्ष द्वारा हाईकोर्ट में समर्थ की जमानत के लिए आवेदन किया है। ट्विशा के परिजन वकील के माध्यम से समर्थ की जमानत पर विरोध जताएंगे। साथ ही गिरीबाला सिंह को कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ भी वकील हाईकोर्ट में आवेदन कर रहे हैं।

मृतका के माता पिता, भाई-भाभी के मोबाइल जब्त कराने की मांग

प्रकरण में गिरीबाला सिंह के वकील ने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत की मृतका के माता-पिता, भाई-भाभी के मोबाइल जब्त कराने की मांग की है। इसके साथ ही मामले में समर्थ के घर से जब्त किए गए 8 सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर की जब्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। आवेदन में कहा गया है कि, मीडिया में आवेदिका और उनके बेटे के मृतका से संबंधों को दर्शाने के लिए कुछ ऑडियो और व्हाटसएप चैट सर्कुलेट हो रही हैं। इन ऑडियो और चैट के मूल स्रोत से जब्त किया जाए, जो जांच के लिए और घटना के वास्तविक तथ्यों का पता लगाने के लिए आवश्यक हैं।

हाईकोर्ट में फरार आरोपी समर्थ सिंह ने दायर की अग्रिम जमानत अर्जी

फरार समर्थ की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने घोषित किया है इनाम

भोपाल की कोर्ट से अग्रिम जमानत अर्जी हो चुकी है निरस्त

जबलपुर। नोएडा निवासी ट्विशा शर्मा की भोपाल में संदिग्ध परिस्थित में हुई मौत के मामले में आरोपी पति भोपाल निवासी समर्थ सिंह ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की है। वह अपराध दर्ज होने के बाद से फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम बढ़ाकर 30 हजार कर दिया है। समर्थ की अग्रिम जमानत भोपाल की कोर्ट से निरस्त हो चुकी है। इसलिए गिरफ्तारी से बचने हाईकोर्ट की शरण ली गई है। दरअसल, 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा की दिसंबर,


फाइल फोटो

2025 में भोपाल निवासी समर्थ सिंह से शादी हुई थी। विवाह दिल्ली में संपन्न हुआ और इसके बाद ट्विशा अपने पति के साथ भोपाल में रहने लगी। कुछ दिन पहले वह अपने घर में फंदे से लटकी मिली थी। उस समय वह गर्भवती भी थी।

जल्द ही आपत्ति प्रस्तुत करेंगे...

प्रकरण में आरोपी पति की ओर से अग्रिम जमानत का आवेदन मप्र उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस पर परिजन की ओर से हमारे द्वारा जल्द ही आपत्ति प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा उच्च न्यायालय में गिरिबाला सिंह की जमानत को निरस्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है।

सत्यम कौरव, अधिवक्ता

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

पचास दिन पहले ब्लैक लिस्टेड वेयरहाउस में गुपचुप गेहूं खरीदी

- संचालक को फायदा पहुंचाने अफसरों ने निकाला तरीका
- गेहूं खरीदी शुरु होने के पहले 6522.50 क्विंटल गेहूं खरीदा

फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री के भागवती वेयरहाउस में गेहूं खरीदी के पहले ही साढ़े छह हजार क्विंटल गेहूं खरीदने पर ब्लैक लिस्टेड हुए वेयरहाउस में दोबारा से गेहूं खरीदी शुरु कर दी गई है। अब तक यहां करीब ढाई हजार क्विंटल गेहूं खरीद लिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर भागवती वेयरहाउस क्रमांक एक में खरीदी की जा रही है, जबकि क्रमांक दो पहले से ब्लैक लिस्टेड है। सरकार ने 9 अप्रैल से जिले के 93 केंद्रों पर गेहूं खरीदी शुरु की थी, जबकि बैरसिया के तरावली स्थित भागवती वेयर हाउस में किसान विपणन समिति बैरसिया ने दस दिन पहले ही 35 किसानों का करीब साढ़े छह हजार मीट्रिक टन गेहूं सरकारी बारदाने में भरकर वेयरहाउस में रख लिया गया था। मामले का खुलासा होने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने जांच के बाद वेयरहाउस को खरीदी केंद्र से हटा दिया था, जबकि यहां रखा 35 किसानों को खरीदी के लिए ब्लैक लिस्टेड कर उनका गेहूं वापस कर दिया गया। अब खरीदी के दस दिन पहले विभाग ने अचानक से वेयरहाउस क्रमांक एक में गेहूं खरीदी शुरु करा दी। एडीएम प्रकाश नायक का कहना है कि जिला आपूर्ति नियंत्रक ने मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। बात करने के बाद ही कुछ बता पाउंगा।

वेयरहाउस क्रमांक एक में पांच हजार दो में दो हजार मीट्रिक टन क्षमता

भागवती वेयरहाउस एक ही परिसर में क्रमांक एक और दो हैं, जिसमें क्रमांक एक में पांच हजार मीट्रिक टन की क्षमता है, जबकि दो में मात्र दो हजार मीट्रिक टन की क्षमता बताई जा रही है। अफसरों का कहना है कि पहले क्रमांक दो में छह हजार क्विंटल गेहूं रखा गया था। क्रमांक दो में पीडीएस का गेहूं रखा होने की वजह से उसे खरीदी में शामिल नहीं किया गया था।

फायदा पहुंचाने अफसरों ने निकाला रास्ता

विधायक को फायदा पहुंचाने के लिए खाद्य विभाग के अफसरों ने बीच का रास्ता निकालकर भागवती वेयरहाउस क्रमांक एक में गेहूं खरीदी करने का काम शुरु कराया है, जबकि मौके पर एक ही वेयरहाउस है, दूसरे हालनुमा वेयरहाउस बहुत छोटा है। इसी की आड़ में गेहूं खरीदी शुरु कराई गई है। जबकि फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया का गोदाम भी जिले की गेहूं खरीदी के लिए रिजर्व रखा गया है।

किसानों के हित में लिया फैसला: मिश्रा

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का कहना है कि भागवती वेयरहाउस क्रमांक दो को ब्लैक लिस्टेड किया गया है, क्रमांक एक में खरीदी की जा रही है। किसानों का हित देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इधर इस वेयरहाउस में खरीदी कराने वाली समिति पहले ही दूसरे वेयरहाउस में किसानों का गेहूं खरीद चुकी है। वर्तमान में यहां कृषक सेवा सहकारी समिति बैरसिया खरीदी करा रही है।

काटजू अस्पताल में खुशी की तिहरी सौगात

महिला ने एक साथ 3 बेटों को दिया जन्म

जच्चा-बच्चा स्वस्थ, डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक कराई ट्रिपलेट्स की डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित डॉ कैलाशनाथ काटजू मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान (काटजू अस्पताल) में एक महिला ने एक साथ तीन स्वस्थ बेटों को जन्म दिया। जिससे उसके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। काटजू अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ रचना दुबे ने बताया कि अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक ट्रिपलेट्स (तीन बच्चों) की डिलीवरी कराई। मां और तीनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। महिला की डिलीवरी आपरेशन (एलएससीएस) के माध्यम से की गई। यह जटिल प्रक्रिया विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में पूरी की गई। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि तीनों बच्चों का स्वास्थ्य सामान्य है और मां की स्थिति भी स्थिर बनी हुई है। सफल आपरेशन के बाद अस्पताल स्टाफ और परिजनों में खुशी का माहौल है। चिकित्सकों ने इसे टीमवर्क और समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा का परिणाम बताया। आपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. राकेश जैन और डा. ऋतुराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए शिशु रोग विशेषज्ञ डा. आरती जैन और डा. सौरभ जैन मौजूद रहे। वहीं पूरी प्रसूति प्रक्रिया स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. ज्योति खरे की देखरेख में संपन्न हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मप्र राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन

हर तीन माह में होगी बोर्ड की बैठक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। यह भारत सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया है। इससे व्यापारी समुदाय के कल्याण के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहतर वातावरण निर्मित करने और प्रदेश के निर्यात को बढावा मिल सकेगा। मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन, भोपाल के प्रबंध संचालक को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

अध्यक्ष की अनमुति से मध्यप्रदेश राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकेगा। जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) के गठन एवं कार्य क्षेत्र का निर्धारण सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तावित कर समन्वय में अनुमोदन के बाद किया जाएगा। बोर्ड की बैठक कैलेंडर वर्ष में 4 बार अर्थात 3 माह में एक बार आयोजित की जाएगी।

शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने दिए निर्देश

शुल्क की जानकारी अपलोड करने की निजी स्कूलों की मियाद खत्म, अब लगेगा पांच गुना अर्थदंड

- फीस सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड के लिए विभाग ने 20 मई तक का दिया था समय
- प्रदेश के मात्र 10 हजार 553 स्कूलों ने दी जानकारी, अब भी 24 हजार 728 की मनमानी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2026-2027 के लिए शुल्क सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश निजी स्कूलों को दिए गए हैं। परंतु निजी स्कूलों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। नतीजन प्रदेश में 35 हजार 281 निजी स्कूल में से अब तक मात्र 10 हजार 553 निजी स्कूलों की ओर से जानकारी पोर्टल पर अपलोड की गई है। इसके लिए विभाग की ओर से स्कूलों को 20 मई तक का समय दिया गया था, जो अब खत्म हो गया है। अब निजी स्कूलों पर पांच गुना अर्थदंड लगाने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

यह हैं आदेश

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 28 अप्रैल को स्कूलों की शुल्क सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि 30 अप्रैल 2026 में बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 20 मई 2026 निर्धारित किया था। निर्धारित तिथि के बाद भी जानकारी अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों पर फीस प्रक्रिया के साथ-साथ प्रक्रिया फीस का पांच गुना राशि विलंब के लिए अर्थदंड के रूप में वसूले जाने के निर्देश भी दिए गए थे।

पालक महासंघ ने कहा कार्यवाही में देरी का फायदा निजी स्कूलों को हो रहा

पालक महासंघ मप्र के महासचिव प्रबोध पंडया ने बताया कि प्रदेशभर में कुल 35 हजार 281 निजी स्कूल में से अब तक मात्र 10, 553 निजी स्कूलों की ओर से शुल्क सिर्फ शुल्क की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की गई है, जबकि स्कूलों को शुल्क सहित संबंधित लेखा-जोखा भी पोर्टल पर अपलोड करना है। अभी भी 24,728 निजी स्कूलों द्वारा जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है। जबकि 20 मई को अंतिम तिथि निकल चुकी है, जिससे पहले भी कई बार बढ़ाया गया है। विभाग द्वारा आदेश तो जारी किए जा रहे हैं, लेकिन स्कूलों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही नहीं की जा रही है।

जानलेवा खुली खदानों पर नहीं हुई तार फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बंद और चल रही खदानों पर पिछले पांच सालों से चल रही तार फेंसिंग की कवायद अब तक पूरी नहीं हुई है। इसी का नतीजा है कि खुली खदानों में डूबने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। खनिज विभाग के प्रभारी और एडीएम सुमित पांडे का कहना है कि बंद और चल रही खदानों के आसपास तार फेंसिंग कराई जाएगी। बारिश के दौरान इन खदानों में अधिक पानी भरने से यह लबालब हो जाएंगी। आने वाले समय में यह खुली खदानें खतरनाक साबित होंगी। रातीबड़, नीलबड़, सिकंदराबाद, ईंटखेड़ी छाप, अचारपुरा, मस्तीपुरा, परवलिया, अरवलिया, बीनापुर, अरेहड़ी, ओंकारा सेवनियां, सूखी सेवनियां, बालमपुर, मेंडोरा, मेंडोरी सहित आसपास के क्षेत्रों में 70 से अधिक खदानें हैं।

आसपास बढ़ रही आबादी

यह खदानें खतरनाक साबित हो रही हैं, दरअसल इनके आसपास तेजी से रहवासी क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। बावजूद इसके खनिज विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत का कहना है कि जिले में सभी खदान संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे यहां पर तार फेंसिंग और सूचना के बोर्ड लगाए जा सकें।

पुलिस मुख्यालय के नए निर्देश, निरीक्षण और मालखाने की जवाबदेही तय

कई केस में मालखाने में जब्त सामग्री व रिकॉर्ड का नहीं होता मिलान

जांच अधिकारी बदला तो जब्त माल का पूरा रिकॉर्ड सौंपना होगा, लापरवाही पर जिम्मेदार होंगे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस मुख्यालय ने जब्त सामग्री और केस रिकॉर्ड को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब यदि किसी विवेचक या जांच अधिकारी का तबादला होता है तो उसे केस से जुड़ी जब्त सामग्री, दस्तावेज और पूरा अभिलेख नए अधिकारी को विधिवत सौंपना अनिवार्य होगा। निर्देशों में कहा गया है कि यदि चार्ज सौंपने में गड़बड़ी, कमी या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी जिम्मेदार माने जाएंगे। पुलिस मुख्यालय को शिकायतें मिल रही थीं कि जांच अधिकारी के तबादले या बदलाव के बाद केस डायरी और जब्त सामग्री का सही से हस्तांतरण नहीं हो रहा। मालखाने में जमा सामग्री और रिकॉर्ड का मिलान नहीं हो पाया, जिससे कोर्ट में सुनवाई के दौरान परेशानी सामने आई। इन्हीं शिकायतों को देखते हुए सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक की ओर से सभी पुलिस अधीक्षकों, इंदौर और भोपाल के पुलिस आयुक्तों तथा इकाई प्रमुखों को नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

साल में एक बार अनिवार्य निरीक्षण

पुलिस रेगुलेशन के तहत अब पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को साल में कम से कम एक बार अपने क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। इस दौरान थानों के रिकॉर्ड, केस डायरी और मालखाने में रखी जब्त सामग्री का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

जब्त माल के ट्रांसफर की जिम्मेदारी तय

नए आदेश के मुताबिक, जिले या इकाई में पूर्व विवेचक से नए विवेचक तक जब्त माल और केस रिकॉर्ड सुरक्षित तरीके से पहुंचाने की पूरी जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक और इकाई प्रमुख की होगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इन निर्देशों से केस रिकॉर्ड और जब्त सामग्री के रखरखाव में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

जल संकट से परेशान हैं रहवासी

बाग मुगालिया में महिलाओं ने किया खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन, नारेबाजी

रोड खोदने के दौरान टूट रहीं लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी में जल संकट को लेकर गुरुवार को बडी संख्या में महिलाओं ने खाली बाल्टी लेकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। यहां लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड निर्माण और थिंक गैस की पाइप लाइनें बिछाने के लिए सडकें खोदी जा रही हैं। इसके कारण पाइप लाइनें और सीवेज लाइनें बार-बार टूटने से क्षेत्र में जल संकट हो रहा है। कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि विकास के काम में जहां पानी एवं सीवेज की लाइनें टूट रही हैं उनका सुधार संबंधित एजेंसी द्वारा तत्काल करना चाहिए ताकि जनता को परेशानी न हो। पानी और सीवेज की लाइन टूटने से आम लोगों की परेशानी बढ रही है।

नीट पेपर लीक पर संसद की संयुक्त समिति की मैराथन बैठक में मंथन

री-एग्जामिनेशन व परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की,समिति ने बताया परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से होगी

एनटीए के डीजी समेत शिक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा, महिला, बाल एवं युवा खेल संबंधी संसद की संयुक्त समिति की गुरुवार को अहम बैठक में

नीट पेपर लीक मामले, री-एग्जामिनेशन और आगामी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एनटीए के डीजी समेत शिक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी मौजूद रहे। डीजी से जांच और दोबारा परीक्षा कराने की संभावनाओं को लेकर कई सवाल पूछे। एनटीए ने समिति को बताया फिलहाल प्राथमिकता 21 जून को होने वाली परीक्षा कोव्यवस्थित तरीके से कराएंगे।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ संसद की संयुक्त समिति की बैठक

सुरक्षा और गोपनीयता रखी जा रही

एनटीए केडीजी ने समिति को जानकारी दी कि 21 जून को होने वाली परीक्षा के लिए नए सिरे से प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। बैठक में जब पेपर लीक जांच की प्रगति को लेकर सवाल पूछा गया तो अधिकारियों की तरफ से कहा गया कि फिलहाल इस मामले में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती क्योंकि जांच सीबीआई के पास है। बैठक के दौरान सरकार और एनटीए की तरफ से जांच एजेंसी से साफ तौर पर कहा गया कि पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए।

व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा होगी

अधिकारियों ने समिति को यह भी बताया कि 21 जून की परीक्षा संपन्न होने के बाद कोशिश होगी कि नए शैक्षणिक सत्र में किसी तरह की देरी न हो। साथ ही अगले साल होने वाली परीक्षाओं की पूरी व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह हैं। बैठक में राजीव राय,स्वाति मालीवाल,रेखा शर्मा,रविशंकर प्रसाद,संबित पात्रा और ज़ियाउर रहमान वर्क समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

विपक्ष ने पूछा जिम्मेदार कौन?

पेपर लीक मामले पर बैठक में तीखी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विपक्षी सांसदों ने केंद्र और परीक्षा एजेंसियों से सीधा सवाल किया कि देश की सबसे बड़ी परीक्षा में इतनी बड़ी सुरक्षा गफलत कैसे हुई? और इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें

बैठक में कई सांसदों ने कहा कि इस मामले में अब तक किसी की स्पष्ट जिम्मेदारी तय नहीं की गई है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में भारी असंतोष है। विपक्ष ने मांग की कि दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सरकार ने कहा- सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे

अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभिक स्तर पर परीक्षा प्रणाली में कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कमजोरियों की पहचान की गई है, जिन्हें दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

खाई में गिरी कार 5 लोगों की मौत

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले में गुरुवार को भीषण हादसा हो गया। यहां भवालीगांव बाईपास

पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। कार यूपी की है। सेनेटोरियम-रातीघाट बायपास रोड, भवाली स्थित ढैला गांव से 500 मीटर पहले महिंद्रा कार गहरी खाई में गिर गई।

असम में फिर स्पीकर बने भाजपा के रंजीत

गुवाहाटी। असम विधानसभा को गुरुवार को नया अध्यक्ष मिल गया। 4 बार के भाजपा विधायक रंजीत

कुमार दास को सर्वसम्मति से 16वीं असम विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर चंद्र मोहन पटवारी ने सदन में बताया कि रंजीत कुमार दास के समर्थन में 3 नामांकन दाखिल किए गए थे।

बांद्रा में बवाल को लेकर 10 के खिलाफ केस

बांद्रा। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हिंसक झड़प हो



गई। पुलिस और लोगों के बीच हुई पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। 10 नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 150 अज्ञात पर भी केस दर्ज किया है।

फाल्टा में बंपर वोटिंग 86% से ज्यादा मतदान

फाल्टा। गुरुवार को पुनर्मतदान में फाल्टा की जनता ने दिल खोलकर मतदान किया। शाम 6 बजे मतदान

समाप्त होते ही मतदान केंद्रों को सील कर दिया गया।सुबह से ही केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 86फीसदी से अधिक मतदान प्रतिशत लोकतंत्र की प्रक्रिया में सक्रियता का प्रमाण है।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फेज 3 का कार्यक्रम किया शुरू

16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा अभियान, सूची शुद्ध व सटीक बनेगी

बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन, फिर बनेगी सूची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, सटीक और अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरावृति (एसआईआर फेज 3) कार्यक्रम शुरू कर दिया है। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नामों को हटाना, नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना, त्रुटियों को दूर करना है। अभियान में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन, दावे-आपत्तियों की सुनवाई और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शामिल है।

फर्जी नाम हटेंगे, नए पात्र मतदाता जोड़े जाएंगे

त्रिपुरा में 5 सितंबर से होगी शुरुआत

त्रिपुरा में यह कार्यक्रम थोड़ा बाद में शुरू होगा। यहां तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 05 सितंबर से 14 सितंबर 2026 तक चलेगा। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण 15 सितंबर से 14 अक्टूबर 2026 तक होगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 21 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगी और अंतिम मतदाता सूची 23 दिसंबर 2026 को जारी की जाएगी।

ओडिशा, मिजोरम सिक्किम व मणिपुर में 1 जुलाई तक चलेगा

अन्य राज्यों के कार्यक्रम की बात करें तो ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर में अर्हता तिथि 01 जुलाई 2026 रखी गई है। दादरा एवं नगर हवेली-दमन एवं दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ में भी जुलाई 2026 से प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 है।

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों को जारी किए दिशा निर्देश

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस अभियान को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग का मानना है कि इस विशेष अभियान से मतदाता सूची की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और लोकतंत्र की आधारशिला को और मजबूत किया जा सकेगा।

नगालैंड में 5 से 14 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

नगालैंड में एसआईआर कार्यक्रम की तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 5 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक चलेगा। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण 16 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 सितंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 20 सितंबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। दावे एवं आपत्तियां 20 सितंबर से 20 अक्टूबर 2026 तक दाखिल की जा सकेंगी।

जम्मू-कश्मीर पंचायत मतदाता सूची में जुड़े 3.39 लाख नए चेहरे

72.24 लाख वोटर्स के साथ लोकतंत्र का आधार हुआ मजबूत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत मतदाता सूची 2026 के वार्षिक संशोधन को पूरा कर लिया है और इसे अंतिम रूप देकर 1 अप्रैल 2026 को योग्य तिथि के रूप में निर्धारित किया है। आयोग ने पंचायत निर्वाचन सूची 2026 को अंतिम रूप दिया जिसमें मतदाताओं की संख्या 72.24 लाख पार हो गई है व 3.39 लाख नए नाम जोड़े गए हैं। इस

27 मार्च से की गई थी शुरुआत

व्यापक प्रक्रिया की शुरुआत 27 मार्च 2026 को ड्राफ्ट निर्वाचन सूची जारी करने के साथ हुई थी और अब यह दावों, आपत्तियों और सत्यापन के अनुसार समाप्त हो गई है। आयोग ने 27 मार्च से 5 मई 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 40 दिन का समय दिया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

राजनीति में हैं आलोचना तो होगी अंतरिम राहत पर फैसला सुरक्षित

राघव की छेड़छाड़ वाले कंटेंट को हटाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की 'पर्सनैलिटी राइट्स' के उल्लंघन से जुड़ी याचिका पर अंतरिम राहत संबंधी आदेश सुरक्षित रख लिया। राघव ने अपने एआई जनरेटेड डीपफेक, मॉर्फ्ड तस्वीरों और सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित रूप से छेड़छाड़ किए गए कंटेंट को हटाने की मांग की थी। जस्टिस सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने कहा कि आलोचना और मानहानि के बीच बहुत बारीक अंतर होता है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि कोर्ट के सामने प्रस्तुत सामग्री पहली नजर में किसी राजनीतिक फैसले की आलोचना अधिक लगती है न कि पर्सनैलिटी राइट्स के सीधे उल्लंघन का मामला।

... तो मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएं

पीठ ने यह भी कहा कि राजनीतिक नेताओं को लंबे समय से व्यंग्य और सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ता रहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि आजादी के समय से ही हम आर.के. लक्ष्मण के कार्टून देखते आ रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि उस समय शायद सोशल मीडिया आज की तरह इतने बड़े स्तर पर नहीं था। चड्ढा ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में एआई जनरेटेड वीडियो, डीपफेक, फर्जी भाषणों और अन्य कथित भ्रामक कंटेंट को हटाने की मांग की है। इस पर अदालत ने कहा कि आपके राजनीतिक फैसले की आलोचना करना आपके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन नहीं है। अगर आपको आपत्ति है तो आप मानहानि का मामला दर्ज कर सकते हैं।

चड्ढा बोले- साड़ी में दिखाया गया

राघव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलील दी कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कई पोस्ट सिर्फ राजनीतिक आलोचना नहीं

बल्कि मानहानिकारक और अभद्र हमले हैं। सांसद को ऐसे व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है जिसने पैसे के लिए राजनीतिक पक्ष बदला। कुछ तस्वीरों का जिक्र करते हुए नायर ने कहा कि उन्हें साड़ी में दिखाया गया है। सुनवाई के बाद मामले में उपस्थित अधिवक्ता सत्या आनंद ने कहा कि याचिका का उद्देश्य चड्ढा के राजनीतिक परिवर्तन के बाद ऑनलाइन प्रसारित कथित अपमानजनक सामग्री को तुरंत हटवाना है।

विजय कैबिनेट में 23 मंत्रियों ने ली शपथ

राहुल का नाम बीच में लेने पर भड़के राज्यपाल आर्लेकर

59 वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस के 2 विधायक बने मंत्री

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलनाडु कैबिनेट में गुरुवार को नए मंत्रियों ने शपथ ली। तमिलनाडु राजभवन में

राज्यपाल आरवी आर्लेकर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। टीवीके सरकार के सत्ता संभालने के 10 दिन बाद यह पहला कैबिनेट विस्तार है। तमिलनाडु में 59 वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कांग्रेस टीवीके सरकार में शामिल हुई है। इसके साथ ही राज्य में गठबंधन राजनीति के एक नए दौर की शुरुआत हो गई है। विजय कैबिनेट में कुल 23 मंत्रियों ने शपथ ली। इस दौरान एलओपी राहुल का नाम लेने पर राज्यपाल भड़क गए।

'गीत' पर महाभारत! शपथ में आखिर में बजा 'तमिल गान'

विजय के शपथ ग्रहण में राज्य गीत 'तमिल थाई वजथु' को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ था, उसने आज फिर से आग पकड़ ली है। विजय के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में 23 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के दौरान यह तमिल गीत फिर से आखिर में बजाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजाया गया, उसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' और फिर यह तमिल प्रार्थना गीत, जो कि तय रिवाज से हटकर था। इसे लेकर कई लोगों में भारी गुस्सा भड़क गया। वहीं, इस मुद्दे पर टीवीके के सहयोगी दलों ने भी कहा है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दिल्लीवालों को सीएम रेखा का तोहफा

अब 1.20 लाख आय वाले लोग भी बनवा सकेंगे राशन कार्ड

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए

बड़ी राहत की घोषणा की है। सरकार ने 7 लाख 71 हजार 384 अपात्र के नाम सूची से हटाए हैं, ताकि जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 13 वर्षों से गरीबों के नए राशन कार्ड नहीं बनाए गए। अब 1.20 लाख आय वाले भी राशन कार्ड बनावा सकेंगे।

आईसीएमआर का प्रथम वार्षिक क्लीनिकल ट्रायल सम्मेलन

इसमें जानी मानी हस्तियां रहीं मौजूद

वैश्विक चिकित्सा अनुसंधान में भारत की बढ़ती भागीदारी पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बुधवार को 'अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवस' के अवसर पर 'प्रथम आईसीएमआर वार्षिक क्लिनिकल ट्रायल सम्मेलन 2026' का आयोजन किया। सम्मेलन की थीम 'एकीकृत चिकित्सा नैदानिक परीक्षणों पर फोकस' रही। इस कार्यक्रम में भारत को वैश्विक स्तर पर नैदानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और नियामक अधिकारियों ने भाग लिया। प्रो. (डॉ.) वी.के. पॉल, डॉ. राजीव बहल और वैद्य राजेश कोटेचा सहित कई प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे।

'अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवस' पर आयोजन

नैदानिक परीक्षणों को आगे बढ़ाएंगे

कार्यक्रम में 2 अहम रिपोर्ट और दिशानिर्देश जारी किए गए, जिनमें पहला, भारत में प्रथम चरण के नैदानिक परीक्षणों को आगे बढ़ानाः नियामक प्रक्रियाओं और अवसरों पर एक डेल्फी अध्ययन' और दूसरा 'भारत में बहुकेंद्रीय अनुसंधान की एकल नैतिक समीक्षा के लिए परिचालन दिशा निर्देश' शामिल हैं।

आम जनता उन्नयन प्रमुख हुमायूं का विवादित बयान

बकरीद पर कुर्बानी पर बढ़ा बवाल

गाय की भी कुर्बानी होगी, कोई नहीं रोक सकता,हम किसी की नहीं सुनेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अक्सर विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले हुमायूं कबीर ने एक बार फिर से गाय की कुर्बानी को लेकर विवादित बयान दिया है। आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ और विधायक हुमायूं कबीर ने कहा कि कुर्बानी तो 1400 साल पहले से हो रही है और जब तक दुनिया रहेगी, तब तक कुर्बानी होती रहेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोई भी कुर्बानी को नहीं रोक सकता है। कबीर ने बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके ऊपर मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वे मुसलमानों को गाय खाने से मना कर रहे हैं, उनकी सरकार है, वे ऐसा कर सकते हैं। कबीर ने कहा कि कुर्बानी कोई मना करेगा भी तो उसे नहीं सुना जाएगा।

सुवेंदु सरकार ने खाने से किया मना

हुमायूं कबीर

महुआ मोइत्रा

हाई कोर्ट पहुंची महुआ

कुर्बानी में बीमार और विकलांग पशु मान्य नहीं

बंगाल में बकरीद से पहले कुर्बानी के मुद्दे पर सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी टीएमसी आमने सामने है। सुवेंदु सरकार ने नोटिस किया है। इसमें 14 साल से कम उम्र के पशुओं की कुर्बानी अवैध है। केवल बीमार और विकलांग पशु की कुर्बानी ही सर्टिफिकेट के साथ मान्य है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि कुर्बानी में बीमार और विकलांग पशु मान्य नहीं है।

हाईकोर्ट की विदेश जाने से मनाही, नोटिसों का अनुपालन भी करें

पुरानी करतूतों के पुलिंदों पर मेरा मुंह मत खुलवाइए

टीएमसी सांसद अभिषेक को 31 जुलाई तक दी दंडात्मक कार्रवाई से छूट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी सांसद और महासचिव अभिषेक बेनर्जी को जनसभा में उनके बयानों

को लेकर दर्ज प्राथमिकी में 31 जुलाई तक दंडात्मक कार्रवाई से छूट देते हुए संरक्षण प्रदान किया है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या किसी सांसद के लिए इस तरह के अनुचित बयान देना सही है। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने बेनर्जी को जांच में सहयोग करने और नोटिसों का अनुपालन करने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय की अनुमति बगैर बाहर न जाएं

अदालत ने उन्हें न्यायालय की अनुमति के बिना विदेश यात्रा न करने का भी निर्देश दिया है। बेनर्जी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर उस प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था, जो बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले 27 अप्रैल को एक जनसभा में प्रतिद्वंद्वी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दिए गए उनके बयानों को लेकर दर्ज की गई थी। वरिष्ठ वकील कल्याण बंदोपाध्याय अभिषेक की पैरवी कर रहे थे। बंदोपाध्याय ने दुर्भावनापूर्ण अभियोजन बताया है।

यहां चुनाव के बाद हिंसा का पुराना इतिहास

अभिषेक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी दी थी। जस्टिस भट्टाचार्य ने बेनर्जी द्वारा 'गैर-जिम्मेदाराना बयान' दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर तृणमूल चुनाव जीत जाती तो क्या होता? इस राज्य का चुनाव के बाद हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। बंदोपाध्याय ने कहा कि राजनीतिक इतिहास को दूसरे नज़रिए से भी देखा जा सकता है।

जज-वकील में देर तक चली बहस

बंदोपाध्याय और जस्टिस भट्टाचार्य के बीच लंबे समय तक बहस होती रही। कोर्ट ने पूछा कि क्या ऐसे राजनीतिक बयान या कथित अपमानजनक टिप्पणियां ज़रूरी थीं? बंदोपाध्याय ने कहा आपने देखा होगा कि चुनाव में एक सांसद की पिटाई हुई थी। इस पर जस्टिस भट्टाचार्य ने बंदोपाध्याय से दो टूक कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है, लेकिन मैं पुरानी करतूतों के पुलिंदों की किताबें नहीं खोलना चाहता। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि बहुत उम्मीदों के साथ जनता ने राजनीतिक बदलाव लाया है।

पांच देशों की यात्रा में पीएम मोदी ने दिए खास उपहार

भारत की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली, कई जीआई उत्पादों का विशेष महत्व बतलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की अपनी पांच देशों की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरे के दौरान भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली। पीएम मोदी ने विभिन्न देशों के नेताओं को भारत की विविध परंपराओं और हस्तशिल्प से जुड़े खास उपहार भेंट किए।

इटली: पीएम मेलोनी को मूगा सिल्क स्टोल

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को पीएम मोदी ने असम की प्रसिद्ध मूगा सिल्क स्टोल भेंट की। गोल्डन सिल्क के नाम से मशहूर मूगा सिल्क पूर्वोत्तर भारत की ब्रह्मपुत्र घाटी की एक दुर्लभ और प्रतिष्ठित पारंपरिक विरासत मानी जाती है। मूगा सिल्क दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक रेशों में गिनी जाती है और इसकी चमक समय के साथ और निखरती जाती है।

शिरुई लिली सिल्क भी की भेंट

पीएम मोदी ने मेलोनी को शिरुई लिली सिल्क स्टोल भी भेंट की। यह स्टोल मणिपुर के शिरुई काशोंग पर्वत की धुंध भरी पहाड़ियों से प्रेरित है। इसका डिजाइन दुर्लभ शिरुई लिली फूल पर आधारित है, जो हल्के गुलाबी-सफेद रंग की घंटी के आकार वाली एक विशेष प्रजाति है और दुनिया में केवल मणिपुर में ही पाई जाती है।

इटली: राष्ट्रपति सर्जियो को मार्बल इनले वर्क बॉक्स

इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला को पीएम मोदी ने आगरा की प्रसिद्ध पच्चीकारी कला से बना मार्बल इनले वर्क बॉक्स और पंडित भीमसेन जोशी व एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की सीडी भेंट की। पच्चीकारी या पिएत्रा ड्यूरा कला की शुरुआत इटली के फ्लोरेंस शहर से मानी जाती है, जो बाद में भारत में शाही संरक्षण के तहत विकसित हुई।

यूएई: राष्ट्रपति नाहयान को गुजराती केसर आम

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पीएम मोदी ने गुजरात के जीआई टैग वाले केसर आम भेंट किए। क्वीन ऑफ मैंगोज कहलाने वाला यह आम गुजरात के जूनागढ़ क्षेत्र से जुड़ा है और अपने केसरिया रंग, बिना रेशों वाले गूदे और खास सुगंध के लिए प्रसिद्ध है।

यूएई के क्राउन प्रिंस को दी कटार

यूएई के क्राउन प्रिंस को पीएम मोदी ने राजस्थान की पारंपरिक कोफ्तगिरी कला से सजी औपचारिक कटार भेंट की। यह विशेष कटार भारत की युद्धक और कलात्मक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। उदयपुर के सिकलीगर और पारंपरिक धातु शिल्पकार इस कला में स्टील पर सोने और चांदी की महीन तारों से फूलों और ज्यामितीय आकृतियों की नक्काशी करते हैं।

पीएम स्टोरे को ऑर्किड पेंटिंग

नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को पीएम मोदी ने फ्रेम्ड ऑर्किड पेंटिंग और ऑर्किड पेपरवेट्स उपहार में दिए। सिक्किम की धुंध भरी घाटियों से लाए गए असली ऑर्किड और फर्न से तैयार ये कलाकृतियां पूर्वी हिमालय की जैव विविधता को दर्शाती हैं।

नीदरलैंड: पीएम जेटेन को मधुबनी पेंटिंग

पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन को मछली की आकृति वाली मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मिथिला क्षेत्र की जीआई-टैग्ड मधुबनी कला अपनी ज्यामितीय आकृतियों और चमकीले रंगों के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली यह कला त्योहारों, विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होती रही है। भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित इस कला में फूल, पेड़, पक्षी और मछली जैसे प्रतीकों का विशेष महत्व होता है।

खबर संक्षेप

डीआरआई ने जब्त की 120 करोड़ की ई-सिगरेट

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई में पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों में चलाए गए अपने अभियानों में व्यापक स्तर पर विभिन्न ब्रांडों, स्वादों और विशिष्टताओं की लगभग 3,00,000 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट/ वेप्स जब्त की गईं, जिनकी कीमत 120 करोड़ रुपए से अधिक है।

'वायु अस्त्र-1' मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। पुणे की रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी 'निबे समूह' ने अपनेस्वदेशी 'वायु अस्त्र-1' लोइटरिंग म्यूनिशन के सफल तकनीकी परीक्षण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राजस्थान के पोखरण रेंज में हुए परीक्षण के दौरान इसने 100 किमी दूर स्थित लक्ष्य को 10 किलोग वॉरहेड के साथ पहले ही प्रयास में सटीक रूप से नष्ट किया। एंटी-टैंक नाइट स्ट्राइक, इंफ्रा रेड कैमरा और 70 किमी दूर कंट्रोल ट्रांसफर क्षमता का प्रदर्शन किया।

दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस का बढ़ा प्रकोप

खतरे की आशंका के बीच टला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मलेन, नई तिथि का ऐलान बाद में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों में इबोला वायरस से बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भारत और अफ्रीकी संघ के बीच होने वाले शिखर सम्मलेन को रद्द कर दिया गया। यह आयोजन 28 मई 2026 को नई दिल्ली में होना था। केंद्र सरकार ने गुरुवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। सरकार के अनुसार, अफ्रीका के कई हिस्सों में घातक इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं।

हाल ही में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के साउथ किवु प्रांत में नए मामले दर्ज किए गए हैं। दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को बाद की तारीख पर करने का निर्णय लिया। नई तिथियां आपसी विचार-विमर्श के बाद तय की जाएंगी। भारत और अफ्रीकी संघ की अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच हुई चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफ्रीका में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करने, अफ्रीका सीडीसी और संबंधित राष्ट्रीय संस्थानों को समर्थन देने पर सहयोग जारी रखने का महत्व दोहराया।

28 मई को दिल्ली में प्रस्तावित था यह कार्यक्रम

नए इबोला वैरिएंट के महामारी के रूप में फैलने का खतरा कम

भारत में इबोला का कोई मामला नहीं

सम्मेलन का प्रतीक चिन्ह

इबोला वायरस की जांच

भारत में अभी तक इबोला का कोई मामला रिपोर्ट नहीं हुआ है। फिर भी केंद्र सरकार ने इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस बाबत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव पुण्य सलिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने बुधवार को इस बाबत बैठक करके स्थितियों और तैयारियों की समीक्षा की।

राज्यों को सावधानी बरतने के निर्देश

केंद्र सरकार ने केंद्रीय अफ्रीका में फैल रहे इबोला वायरस के आउटब्रेक को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी कर दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से सतर्कता का यह कदम डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में चल रहे इबोला आउटब्रेक के मद्देनजर उठाया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हवाई अड्डों पर प्री-अराइवल और पोस्ट-अराइवल स्क्रीनिंग, क्वारंटाइन प्रोटोकॉल, केस मैनेजमेंट, रेफरल मैकेनिज्म और लैब टेस्टिंग के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) सुनिश्चित करें।

दिल्ली एयरपोर्ट पर इबोला को लेकर एडवाइजरी जारी

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रशासन ने जारी कहा है कि प्रभावित देशों (कांगो, युगांडा, दक्षिण सूडान आदि) से आने या वहां ट्रांजिट करने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। यदि किसी यात्री को बुखार, थकान/कमजोरी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त, गले में खराश या असामान्य ब्लीडिंग जैसे लक्षण दिखें तो वह तुरंत एयरपोर्ट हेल्थ डेस्क या हेल्थ आफिसर को सूचित करें। यदि यात्री को संदेह हो कि वह इबोला संक्रमित व्यक्ति के खून या बॉडी फ्लूइड्स के संपर्क में आया है, तो इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करने से पहले ही इसकी जानकारी दें। यात्रा के 21 दिनों के अंदर यदि ऊपर बताए गए कोई भी लक्षण नजर आएं तो तुरंत नजदीकी डाक्टर से संपर्क करें और अपनी पूरी यात्रा इतिहास (ट्रैवल हिस्ट्री) बताएं।

इबोला से 139 की मौत

टेड्रोस गेब्रेसस

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कांगो और यूगांडा में फैले इबोला वायरस संक्रमण से अभी तक 139 लोग मरे हैं जबकि करीब 600 मरीज सामने आए हैं। पिछले 24 घंटों में 8 लोगों के मरने की सूचना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानम गेब्रेसस ने कहा है कि इबोला वायरस संक्रमण की जो रफ्तार है उससे इसके क्षेत्रीय देशों में ही फैलने की आशंका है, वायरस के पूरे विश्व में महामारी का रूप लेने का खतरा बहुत कम है। इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के संक्रमण से जुड़े खतरों और उसके नियंत्रण पर विचार के लिए संगठन द्वारा गठित इमर्जेंसी कमेटी की मंगलवार को जिनेवा में हुई बैठक में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस स्ट्रेन को निष्प्रभावी करने के लिए वैक्सीन बनाने में कई महीने का समय लग सकता है, ऐसे में लक्षणों को खत्म करने वाली दवाओं के जरिये बीमारी का इलाज किया जाए और संक्रमण फैलने से रोकने के तरीकों को अमल में लाया जाए।

राजनाथ ने वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

सियोल में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन, शहादत की याद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने बुधवार को सियोल के इमजिनगैक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर निर्मित यह स्मारक भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। यह स्मारक कोरियाई युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) की वीरता और मानवीय योगदान की याद में बनाया गया है। भारतीय युद्ध स्मारक उसी क्षेत्र में स्थापित किया गया है जहां 1954 में सीएफआई ने 'हिंद नगर' की स्थापना की थी। यहां लगभग 22 हजार युद्धबंदियों को शांतिपूर्ण प्रत्यावर्तन तक रखा गया था। इस परियोजना को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से विकसित किया गया है। दोनों नेताओं ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

युद्ध स्मारक का उद्घाटन करते राजनाथ सिंह और क्वोन यूल

साझा इतिहास दोनों देशों के बीच मजबूत नींव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापना और मानवीय सहायता में भारत की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों के योगदान को याद करना दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करता है। स्मारक निर्माण में सहयोग के लिए उन्होंने दक्षिण कोरिया सरकार और वहां के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय का आभार जताया। कोरियाई युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और आपसी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सैनिकों के बलिदान और योगदान पर आधारित एक संस्मरण भी जारी किया गया।

'मरून एंजल्स' के नाम से प्रसिद्ध हुई थी

कोरियाई युद्ध के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) ए.जी. रंगराज के नेतृत्व में 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने भीषण संघर्ष के बीच हजारों घायल सैनिकों और नागरिकों का उपचार किया था। उनकी असाधारण सेवा और मानवीय दृष्टिकोण के कारण उन्हें 'मरून एंजल्स' कहा गया। युद्धविराम के बाद भारत ने कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया के माध्यम से युद्धबंदियों के प्रत्यावर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स समिट में मंत्री गोयल बोले

अमेरिकी से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश दोनों देशों के बीच 'विश्वास' का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में आयोजित अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग, विश्वास तथा साझा आर्थिक हित लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं।

निवेश में बड़ी कंपनियों के डेटा सेंटर शामिल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है। इसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े डेटा सेंटर निवेश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों को विश्वसनीय ढांचा, विशाल बाजार, प्रतिभाशाली मानव संसाधन और बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

अमेरिका का भरोसेमंद साझेदार बना भारत

पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका ऐसे साझेदार की तलाश में है जो समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करा सके और भारत ने यह क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं में प्रतिस्पर्धा कम और पूरकता अधिक है, जिससे भविष्य की मजबूत और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण संभव हो रहा है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026

कंप्यूटरीकृत ड्रॉ से 1000 यात्रियों का किया चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के लिए यात्रियों के चयन के लिए कंप्यूटरीकृत ड्रॉ निकाला। कुल एक हजार यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 जून में शुरू होगी और अगस्त में समाप्त होगी।

इस बार कुल 1000 यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर आधारित और महिला-पुरुष संतुलित प्रक्रिया के तहत किया गया है। चयनित यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे। यात्रा लिपुलेख और नाथू ला दर्रों के रास्ते कराई जाएगी। दोनों रास्ते अब पूरी तरह मोटर योग्य हैं और इनमें बहुत कम पैदल चलना पड़ेगा। यात्रा मार्ग और जत्थों की जानकारी यात्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित यात्रियों को एसएमएस और ईमेल के जरिये सूचना भेज दी गई है। यात्री kmy.gov.in वेबसाइट पर लॉग इन कर अपने चयन की स्थिति देख सकते हैं। इसके अलावा, हेल्पलाइन नंबर 011-23088214 पर भी जानकारी ली जा सकती है।

विदेश मंत्री जयशंकर ड्रॉ निकालते हुए

भारतीय नौसेना युद्धपोत 'संघमित्रा' का लोकार्पण

कोलकाता। भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे अगली पीढ़ी के ऑफशोर पेट्रोल वेसल 'संघमित्रा' का बुधवार को गार्डन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में भव्य समारोह के दौरान लॉन्च किया गया। यार्ड 3039 नामक इस युद्धपोत का लॉन्च सरिता वात्सायन ने किया। इस अवसर पर नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सायन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस पोत का नाम 'संघमित्रा' सम्राट अशोक की पुत्री के नाम पर रखा गया है। जहाज के प्रतीक चिन्ह में सप्तऋषि तारामंडल और लाल-सफेद रंग के प्रकाश स्तंभ को दर्शाया गया है। स्वदेशी तकनीक से डिजाइन और निर्मित ये युद्धपोत समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान और समुद्री डकैती रोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मोजतबा खामेनेई ने दिए सख्त निर्देश, ईरान से बाहर नहीं जाएगा यूरेनियम भंडार

ट्रंप की धमकी के बावजूद तेहरान ने खारिज की यूएस की मांग

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस तरह उन्होंने अमेरिका के शांति वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग को खारिज कर दिया है। दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दबाव और युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान ने लगातार अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया है, हमारी ओर से सभी रास्ते खुले हैं। ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है, लेकिन जबरदस्ती आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ईरानी राष्ट्रपति बोले - दबाव और युद्ध समस्या का समाधान नहीं

समझौता नहीं तो कड़ी कार्रवाई तय: ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप

मोजतबा खामनेई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ अंतिम चरण में है और यदि ईरान ने डील पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो अमेरिका कठोर और अप्रिय कदम उठा सकता है। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान के साथ अंतिम चरण में हैं। देखते हैं क्या होता है। या तो वे एक डील करेंगे या फिर हम कुछ ऐसी चीजें करेंगे जो थोड़ी कठोर होंगी, लेकिन उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा।

बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनाया सख्त रुख

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सख्य रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तब तक शत्रुता समाप्त करने पर विचार नहीं करेंगे, जब तक संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह ईरानी नियंत्रण से बाहर नहीं कर दिया जाता है, जब तक ईरान अपने समर्थित क्षेत्रीय लड़ाकू समूहों को वित्तीय समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता है।

अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव गुरुवार को पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रंप सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रंप इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

यूएन में भारत का पाकिस्तान पर तीखा

अफगान नागरिकों पर हमलों को बताया अमानवीय, 'रमजान' में भी नहीं बक्शा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने पाकिस्तान की दोहरी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एक तरफ अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करता है जबकि दूसरी तरफ अफगानिस्तान में आम नागरिकों को बेरहमी से मारता है। यह हमले इस्लाम के पवित्र महीने रमजान के दौरान किए गए और उन लोगों को निशाना बनाया गया जो शाम की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने सुरक्षा परिषद में कहा कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बताया है कि 2026 के पहले तीन महीनों में पाकिस्तान की सेना की ओर से की गई सीमा पार सैन्य कार्रवाई में 750 आम नागरिक मारे गए या घायल हुए। इनमें ज्यादातर घटनाएं हवाई हमलों की वजह से हुईं। चीन की अध्यक्षता में आयोजित 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' विषय पर खुली बहस में हिस्सा लेते हुए हरीश ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान के प्रचार को अच्छी तरह समझती है। उसमें न भरोसा है, न कानून का सम्मान।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	13	9	4	18
गुजरात	14	9	5	18
हैदराबाद	13	8	5	16
राजस्थान	13	7	6	14
पंजाब	13	6	6	13
कोलकाता	13	6	6	13
चेन्नई	14	6	8	12
दिल्ली	13	6	7	12
मुंबई	13	4	9	8
लखनऊ	13	4	9	8

ऑरेंज कैप

सांई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

आईपीएल के नए 'सिक्सर किंग' वैभव, खतरे में क्रिस गेल का रिकॉर्ड, रसेल-पूरन पड़े फीके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 15 साल के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का इतिहास पलट दिया है। वैभव ने अपनी खतरनाक बल्लेबाजी से कोहराम मचा रखा है। 19 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंदों पर 93 रनों तूफानी पारी खेली। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से 10 गगनचुंबी छक्के आए। वैभव सूर्यवंशी अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा करने से सिर्फ 7 रन दूर रह गए। इसके बावजूद उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड कायम कर दिए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने इस पारी के बाद मौजूदा आईपीएल सीजन में अपने 53 छक्के पूरे कर लिए हैं।

वह आईपीएल इतिहास के पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक सीजन में 50 छक्कों का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले आईपीएल में एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम दर्ज था। उन्होंने अभिषेक शर्मा ने 2024 के आईपीएल सीजन में 42 छक्के लगाए थे।

एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

क्रिस गेल	59
वैभव सूर्यवंशी	53
आंद्रे रसेल	52
क्रिस गेल	51
जोस बटलर	45

वैभव सूर्यवंशी ने रसेल बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा

राजस्थान रॉयल्स के वंडर बॉय वैभव सूर्यवंशी ने सिक्स लगाने के मामले में आंद्रे रसेल और जोस बटलर जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा चुके हैं। आंद्रे रसेल कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व ऑलराउंडर ने साल 2019 में 52 छक्के लगाए थे। वहीं, जोस बटलर ने 2022 में कुल 46 छक्के जड़े थे। अब वैभव सूर्यवंशी ने इन सभी दिग्गजों को पछाड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

क्रिस गेल का टूटेगा रिकॉर्ड?

वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। क्रिस गेल ने साल 2012 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए 59 छक्के लगाए थे। पिछले 14 सालों से क्रिस गेल का यह रिकॉर्ड कोई तोड़ नहीं पाया है। अब 15 साल का बल्लेबाज इस महारिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है।

वैभव के पास अभी कई मौके हैं बल्लेबाजी के

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा दिए हैं। अभी राजस्थान रॉयल्स लीग स्टेज में एक मैच खेलने वाली है। अगर राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जाती है, तो वैभव सूर्यवंशी को ज्यादा पारियां खेलने का मौका मिलेगा। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी को 1-2 पारियां खेलने को मिल सकती हैं। अगर वैभव सूर्यवंशी अगले मैच में 7 छक्के लगा देते हैं, तो वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

खबर संक्षेप

सुपर शतरंज क्लासिक प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को रोमानिया के खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरौजा ने छठे दौर में आखिरकार ग्रैंड शतरंज टूर के सुपर शतरंज क्लासिक से हटने का फैसला किया। फिरोजा के हटने से जर्मनी के विंसेंट कीमर को फायदा हुआ क्योंकि इस दौर में 'वॉक ओवर' मिलने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ा लिया। जबकि बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे, कीमर 4.5 अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बरकरार हैं। 10 खिलाड़ियों के इस नौ दौर वाले टूर्नामेंट में अभी तीन दौर बाकी हैं। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,75,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें विजेता को 1,00,000 डॉलर मिलेंगे।

पंड्या पर जुर्माना गिल्ली गिराने पर एक डिमेरिट अंक मिला



कोलकाता। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान क्रिकेट के सामान का गलत इस्तेमाल करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुधवार को हुए इस मैच के दौरान पंड्या ने निराशा में विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं उन्हें आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं। '' आईपीएल में चार से सात डिमेरिट अंक जमा होने पर एक मैच का निलंबन लगता है।

अष्मिता मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अष्मिता ने मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना 8वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को हराया। महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैम्पियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफेइ ने 21-16, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए ।

गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 89 रन से हराकर दर्ज की 9वीं जीत

जीटी के खिलाफ हार के बाद सीएसके का सफर हुआ समाप्त

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाजों साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी के बाद मोहम्मद सिराज और राशिद खान की धारदार गेंदबाजी से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 89 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह बरकरार रखी। इस जीत से टाइटंस के 14 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम दूसरे स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 13 मैच में 18 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह शीर्ष पर है। इस हार के साथ सुपरकिंग्स की नॉकआउट में जगह बनाने की रही सही उम्मीद भी खत्म हो गई। टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। टाइटंस के 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम 13.4 ओवर में 140 रन पर ढेर हो गई।

इस तरह से जीती जीटी की टीम

जीटी को शुभमन गिल (64) और साई सुदर्शन (84) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए आए जोस बटलर (57*) ने नाबाद अर्धशतक लगाते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में सीएसके ने 29 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए। इस बीच संजू सैमसन (0), रुतुराज गायकवाड़ (16) और उर्विल पटेल (0) आउट हुए। इसके बाद भी सीएसके के बल्लेबाज निरंतर आउट होते चलते गए। शिवम दुबे (47) संघर्षपूर्ण पारी खेलकर आउट हुए।

इस सूची में शामिल हुए सुदर्शन

सुदर्शन आईपीएल में लगातार 5 पारियों में 50 या उससे अधिक रन बनाने वाले सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने। बता दें कि वीरेंद्र सहवाग ने सबसे पहले ये कारनामा किया था। उन्होंने 2012 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए लगातार 5 पारियों में 50+ रन के स्कोर किए थे। इनके अलावा जोस बटलर ने 2018 में और डेविड वार्नर ने 2019 में लगातार 5 पारियों में 50+ रन बनाए थे।

शानदार रही गिल की पारी

गिल ने 37 गेंदों में 64 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके और 3 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 172.97 की रही। पहले विकेट के लिए इस खिलाड़ी ने साई सुदर्शन के साथ 74 गेंदों में 125 रन की साझेदारी निभाई। सुदर्शन के साथ गिल की यह 10वीं शतकीय साझेदारी रही। दोनों आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी करने वाली जोड़ी बन गई हैं। विराट कोहली और एबी डिविलियर्स ने भी 10 शतकीय साझेदारी की थी।

टी-20 में पूरे किए 6,000 रन

गिल ने टी-20 क्रिकेट की 185 पारी में 6,000 रन पूरे किए। वह इस प्रारूप में सबसे तेज 6,000 रन पूरे करने वाले तीसरे सबसे तेज भारतीय बने हैं। उनसे आगे सिर्फ कोहली (184 पारी) और केएल राहुल (166 पारी) हैं। इस खिलाड़ी ने टी-20 क्रिकेट में 38 अर्धशतक और 6 शतक जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन है। गिल ने अपने 200 छक्के भी पूरे किए। उनके टी-20 क्रिकेट में 595 चौके हो गए हैं।

शानदार रही सुदर्शन की पारी

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सुदर्शन ने अपनी शुरुआती 15 गेंदों में 16 रन बनाए। सीएसके के गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने अपनी रन गति में इजाफा किया और 35 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 53 गेंदों में 84 रन की पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने 7 चौके और 4 छक्के लगाए। उनकी पारी का अंत अंशुल कंबोज ने किया। सुदर्शन का यह मौजूदा सीजन में लगातार 5वां अर्धशतक साबित हुआ।

फेडरेशन कप

राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने उतरेंगे एथलीट

एजेंसी ▶▶| रांची

देश के शीर्ष ट्रैक और फील्ड सितारे यहां आज शुक्रवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय सीनियर फेडरेशन कप के जरिये 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में जगह पाने के लिये राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे।

यह टूर्नामेंट इसलिये भी अहम है क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 'एसआरवाय जीन टेस्ट' करायेगा ताकि जैविक रूप से महिला प्रतियोगी ही महिला वर्ग में उतर सकें। यह 'स्वैब' या रक्त की जांच

के जरिये कराया जायेगा। एएफआई भारतीय खिलाड़ियों के डीएनए टेस्ट भी शुरू करेगा ताकि ये आंकड़े बाद में अनुसंधान और विकास के काम आ सके। एसआरवाय टेस्ट और डीएनए टेस्ट के नतीजे और रिकॉर्ड गोपनीय रखे जायेंगे।

मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा

रॉयल चैलेंजर्स की निगाहें शीर्ष स्थान पर क्वालीफायर में पहुंचने हैदराबाद की कोशिश

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब शुक्रवार को यहां अपने आखिरी आईपीएल लीग मैच में आमने-सामने होंगी तो दोनों की कोशिश शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। आरसीबी अभी अंक तालिका में 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और 10 टीम में उसका नेट रन रेट 1.065 सबसे अच्छा है।

शुक्रवार को जीत उसे पहला

स्थान और फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला देगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैच में 16 अंक से तीसरे स्थान पर है और गुजरात टाइटन्स के बराबर है, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पीछे है।

स्थानीय खेल समाचार

एशिया कप के लिए अकादमी के 10 खिलाड़ी भारतीय टीम में

जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप में दिखेगा एमपी हॉकी अकादमी का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय अंडर-18 पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों की घोषणा कर दी गई है, जो जापान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अंडर-18 एशिया कप प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल के कुल 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन से प्रदेश में गर्व और उत्साह का माहौल है।

भारतीय अंडर-18 पुरुष टीम में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के गोलकीपर आयुष रजक, डिफेंडर अंश बहुत्रा एवं करण गौतम, मिडफील्डर अवि माणिकपुरी तथा फॉरवर्ड खिलाड़ी सिद्धार्थ बेन और गाज़ी खान को टीम में स्थान मिला है। वहीं भारतीय अंडर-18 महिला टीम में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल की गोलकीपर महक परिहार, मिडफील्डर स्नेहा दावड़े एवं नम्मी गीताश्री, तथा फॉरवर्ड खिलाड़ी नौशीन नाज़ का चयन हुआ है। महिला टीम में इन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की हॉकी प्रतिभाओं की निरंतर प्रगति और उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है।

पुरुष टीम में 6 एवं महिला टीम में 4 खिलाड़ियों को मिला अवसर

जापान में होगा एशियाई मुकाबला

भारतीय अंडर-18 महिला टीम 26 मई से 06 जून तक जापान के काकामिगहारा में आयोजित अंडर-18 महिला एशिया कप में हिस्सा लेगी। वहीं भारतीय पुरुष टीम भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

भोपाल में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में दिखाया था दम

उल्लेखनीय है कि इन खिलाड़ियों का चयन पूर्व में भोपाल में आयोजित भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 अंतरराष्ट्रीय हॉकी श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर एवं चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह श्रृंखला 15 से 20 मई 2026 तक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें चयनित खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रदर्शन के आधार पर अब इन खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली है और वे जापान में एशिया कप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिताऊ पारी से अनिमेष सक्सेना बने मैच के हीरो

सेंचुरियन स्ट्राइकर्स ने सेंचुरियन किंग्स को तीन विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सेंचुरियन समर लीग में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में सेंचुरियन स्ट्राइकर्स ने सेंचुरियन किंग्स को 3 विकेट से शिकस्त दी। सेंचुरियन किंग्स ने तय 25 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। टीम की ओर से नेहा ने 53 रन और अंश ने 23 रनों का योगदान दिया।

सेंचुरियन स्ट्राइकर्स की तनीषा और कुशाग्र ने बेहतरीन गेंदबाज़ी करते हुए 2-2 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंचुरियन स्ट्राइकर्स की टीम की शुरुआत अच्छी रही। अनिमेष सक्सेना ने 60 रन बनाए, जबकि हर्ष ने 36 रनों की पारी खेलकर उनका अच्छा साथ निभाया। शानदार

प्रदर्शन के दम पर स्ट्राइकर्स ने मुकाबला 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। अंश मालवीय ने 3 विकेट हासिल किए। अपनी 60 रनों की मैच जिताऊ पारी के लिए अनिमेष सक्सेना को मैन ऑफ द मैच चुना गया। शुक्रवार को सेंचुरियन क्राउन्स और सुपर सेंचुरियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

रिदम सक्सेना ने दिल्ली में जीते स्वर्ण एवं कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

नगर के होनहार कराते खिलाड़ी रिदम सक्सेना ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 16 एवं 17 मई को आयोजित इंडिया ओपन कराते चैम्पियनशिप इंटरनेशनल में काता वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कुमिते वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है। रिदम विदिशा के सामाजिक कार्यकर्ता नितिन एवं शिक्षिका नेहा सक्सेना के सुपुत्र हैं। वे वर्तमान में राया कराते अकादमी में कोच राम मिश्रा एवं यशस्वी रौतेला के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रिदम इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने मई 2025 में दिल्ली में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक तथा नवंबर 2025 में हैदराबाद में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। रिदम की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस रिटर्न लीग में खेला गया बेहद रोमांचक मुकाबला

महाराणा प्रताप हाउस को हराकर शिवाजी हाउस फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस रिटर्न लीग के अंतिम चरण में अंडर 12 एज ग्रुप में शिवाजी हाउस और महाराणा प्रताप हाउस के बीच गुरुवार को बेहद रोमांचक मैच खेला गया। शिवाजी हाउस ने जीत प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। शिवाजी हाउस ने 6 विकेट पर 94 रन बनाए, जिसमें निर्भय सिंह ने 33, लक्की यादव ने 20 रनो बनाए। आध्य रानाडे ने 2 और विनायक गुप्ता ने 1 विकेट लिए। वहीं 3 बल्लेबाज रन आउट हुए। जवाब में प्रताप हाउस की टीम ने अंत तक संघर्ष किया और मैच 10 रन से हार गए। जबकि 4 ओवर की शेष थी। गेंदबाजी में अभ्युदय सिंह भदौरिया ने 3 आरव जाट और निर्भय सिंह ने 2-2 विकेट लिए। निर्भय सिंह प्लेयर आफ द मैच बने।

अंडर 14 में वंदेमातरम ने सत्यमेव जयते को 101 रन से हराया

दूसरा मैच अंडर 14 एज ग्रुप में भी रिटर्न लीग का अंतिम मैच वंदेमातरम और सत्यमेव जयते के बीच खेला गया, जिसमें वंदेमातरम ने तय ओवर में 8 विकेट पर 156 रन बनाए। शिवांश अग्रवाल ने नाबाद 48 रनों की पारी खेली। गुरप्रीत सिंह ने 21 और आरव सिंह 20 रन बनाए। सत्यमेव के संस्कार रघुवंशी ने 2 और आदित्य, सात्विक, रुद्राक्ष चौहान, कनिष्क धाकड़ और धैर्य थापक ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में सत्यमेव जयते 55 रनों पर ढेर

हो गई। आराध्या सिंह ने 18, रुद्राक्ष चौहान ने 13 रन बनाए। वंश पुवार ने 5 शानवी मंडलोई ने 2 और इरन वीर सिंह ने 1 विकेट लिए। वंदेमातरम ने 101 रनों से जीत दर्ज की। वंश पवार प्लेयर आफ द मैच बने। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेट प्लेयर एवं बीडीसीए के मुख्य प्रशिक्षक राजीव सक्सेना और स्टेट अंपायर इरफान सिद्दीकी ने प्लेयर आफ द मैच से प्लेयर को पुरस्कृत किया।

सिर व हाथ में चाकू लगने से आई गंभीर चोटें, शादी का दबाव बना रही थी प्रेमिका

शादी से मना करने व घर से निकालने पर प्रेमिका ने दोस्त के साथ प्रेमी पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित गोंडीपुरा में एक युवती ने अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रेमी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सिर व हाथ में गहरी चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। दरअसल, युवती प्रेमी से शादी करना चाहती है और उसने शादी करने से इंकार कर दिया था। इसी से नाराज होकर युवती ने साथी के साथ मिलकर प्रेमी पर जानलेवा हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार गोंडीपुरा गांधी नगर निवासी शादाब खान (28) प्राइवेट काम करता है। रिमशा नामक महिला से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रिमशा के पति की पूर्व में मौत हो चुकी है। बीते दो-तीन दिन से रिमशा गोंडीपुरा में शादाब के साथ उसके घर आकर रह रही थी। बुधवार 20 मई की सुबह शादी करने को लेकर शादाब और रिमशा के बीच विवाद हुआ। रिमशा शादी करने का दबाव बना रही थी। विवाद बढ़ने पर शादाब ने उसके साथ मारपीट कर दी और घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उसी दिन दोपहर करीब 1 बजे रिमशा अपने दोस्त अमजद को लेकर गोंडीपुरा पहुंची और शादाब के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान ही अमजद ने अपनी जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। सिर व हाथ में चाकू लगने से शादाब गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी बृजेन्द्र मर्सकोले ने बताया कि विवाद के दौरान रिमशा ने भी शादाब के साथ मारपीट की। हमला करने के बाद दोनों फरार हो गए। पुलिस प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

साइड देने को लेकर विवाद ठेकेदार के चेहरे पर पेपर कटर से हमला

कजलीखेड़ा पुलिस ने बताया कि हनुमान मंदिर के पास कजलीखेड़ा निवासी गजेन्द्र जाटव (26) कंस्ट्रक्शन का काम देखते हैं। बुधवार शाम छह बजे वह दोस्त के साथ सौम्या ग्रीन स्थित साइट पर जा रहे थे। गेहूंखेड़ा तिराहा सब्जी मंडी के पास बीच रोड पर ऑटो खड़ा था। गजेन्द्र ने कई बार कार का हार्न बजाया, लेकिन ऑटो नहीं हटा। गजेंद्र साइड से वाहन निकालते हुए जाने लगा। व ऑटो वाले को नसीहत दी। फरियादी की नसीहत आरोपी को नागवार गुजरी। आरोपी ने जेब से पेपर कटर निकाल कर हमला कर दिया।

26 कर्मचारियों की मृत्यु होने पर नहीं मिली अनुकंपा नियुक्ति, सौंपा ज्ञापन

भोपाल। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के साथ प्रतिनिधि मंडल ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के संविदा कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाने के कारण 26 दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों के आश्रित लोगों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली है। 40 कर्मचारी 2023 के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं जिनको ग्रेच्युटी नहीं मिल पाई है। राठौर ने अवगत कराया कि चतुर्थ श्रेणी ओर वाहन चालक के नियमित रिक्त पदों पर समग्र शिक्षा अभियान में संविदा पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के संविदा कर्मचारियों ओर वाहन चालकों का संविलयन किया जाए।

काउंटर प्रकरण दर्ज, घायलों का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

पान की गुमठी के पास कचरा फेंकने का विवाद, चाकू व झारे से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क पर फुलकी और नाश्ते का ठेला लगाने वाले और पान की गुमठी लगाने वाले दुकानदारों में विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्षों की ओर से दो दो लोग एक दूसरे से मारपीट करने लगे। इसी बीच एक पक्ष ने छुरी से पिता पुत्र पर हमला किया है, जबकि दूसरे पक्ष ने झारे से हमला कर दिया। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोगों ने किसी तरह विवाद शांत कराया। तब तक दोनों पक्ष लहूलुहान हो चुके थे। दोनों का भैंसाखेड़ी स्थित प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राहुल सिंह पिता संतोष सिंह (26) खजूरी सड़क में फुलकी और नाश्ते का ठेला लगाता है। उसके ठेले के पास विशाल केसवानी की पान की गुमठी लगती है। विशाल की गुमठी पर संजय उर्फ संजू राठौर बैठता है। संजय और विशाल केसवानी गुरुवार सुबह दुकान पर थे,जबकि राहुल और उसके पिता भी दुकान पर काम कर रहे थे। करीब साढ़े दस बजे के आसपास दुकान के सामने कचरा फेंकने पर संजय ने राहुल से कचरा उठाने का कहा। इस बात को लेकर राहुल और संजय का विवाद हो गया। इसी बीच संजय और विशाल ने राहुल और उसके पिता संतोष सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान राहुल के हाथ में झारा लग गया और उसने झारे से संजय और विशाल पर हमला बोल दिया। चाकूबाजी और झारे से हमला होने के कारण चारों को चोट आई है। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हो सका। इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने राहुल की शिकायत पर संजय राठौर और विशाल केसवानी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। संजय की शिकायत पर राहुल और उसके पिता संतोष पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

ठग ने कंपनी से रिटायर्ड बुजुर्ग को लगाया 7.94 लाख रुपए का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित श्रीधाम वाटिका में रहने वाले एक रिटायर्ड बुजुर्ग के साथ करीब 7.94 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि ठगों ने बिना ओटीपी साझा कराए ही बैंक में जमा एफडी की रकम निकाल ली। मामले का खुलासा तब हुआ, जब बुजुर्ग अपनी एफडी तुड़वाने बैंक पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, श्रीधाम वाटिका अवधपुरी निवासी 75 वर्षीय अशोक कुमार निगम मंडीदीप स्थित कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने कुछ वर्ष पहले अवधपुरी स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में एफडी करवाई थी, जिसमें करीब आठ लाख रुपए जमा थे। बीते 22 जनवरी को अशोक निगम एफडी की राशि निकालने बैंक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैंक मैनेजर से खाते का स्टेटमेंट मांगा। स्टेटमेंट देखने पर पता चला कि उनकी एफडी से 7 लाख 94 हजार 700 रुपए पहले ही निकाले जा चुके हैं। यह जानकारी मिलने पर अशोक निगम ने बैंक अधिकारियों को बताया कि उन्होंने न तो खुद कोई राशि निकाली है और न ही किसी को ओटीपी बताया है। इसके बावजूद खाते से रकम निकलने पर वह हैरान रह गए। इसके बाद बैंक मैनेजर ने उन्हें साइबर क्राइम थाने में शिकायत करने की सलाह दी। फरियादी ने मामले की शिकायत भोपाल साइबर क्राइम शाखा में दर्ज कराई थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आह्वान पर गंगा दशहरा पर जन आंदोलन बनेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हिंदू संस्कृति के अनुसार गंगा दशहरा का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी और प्रकृति एवं जन-जीवन को धन्य किया था।

इस वर्ष गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक स्वरूप देते हुए जन-जन को जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जनभागीदारी आधारित व्यापक अभियान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण भविष्य की आवश्यकता है और इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इसी विज़न के अनुक्रम में गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

दो चरणों में होंगे विशेष कार्यक्रम

गंगा दशहरा पर आयोजित कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जनसहभागिता से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्य किए जाएंगे। इसके बाद द्वितीय चरण में गंगा दशहरा विषय पर आधारित सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

अवैध कॉलोनियों पर फिर शुरू होगी एफआईआर, एक महीने में निपटेंगे तीन महीने पुराने केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में छह महीने पहले शहरी क्षेत्र के आसपास अवैध कॉलोनियों में प्लॉटिंग करने वाले बिल्डरों पर दोबारा से शिकंजा कसा जाएगा। हालांकि हुजूर, बैरसिया और कोलार क्षेत्र में पहले से करीब दो सौ अवैध कॉलोनियों को चिन्हित किया गया था। जिनकी सुनवाई करने के बाद एफआईआर कराई जानी है। तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सौ से ज्यादा कॉलोनियों से जुड़े किसान और बिल्डरों पर एफआईआर कराई थी। गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में अवैध कॉलोनियों को लेकर सभी एसडीएस से पुलिस कार्रवाई कराने की बात कही है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एक महीने में तीन महीने पुराने केसों को निपटाया जाए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930